Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रुड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 158 | बुधवार, 17 जून-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

# नीट री-एग्जाम से ठीक पहले मोदी सरकार ने लिया तगड़ा एक्शन, 22 जून तक टेलीग्राम ऐप को भारत में किया गया बंद

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा को निष्पक्ष और सुरक्षित बनाने के लिए केंद्र सरकार ने देशभर में मैसेजिंग एप टेलीग्राम की पहुंच 22 जून तक सीमित कर दी है। इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए के तहत आज यह आदेश जारी किया। सरकार का कहना है कि यह कदम परीक्षा में नकल और कथित प्रश्नपत्र लीक से जुड़े गिरोहों पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि यह निर्णय छात्रों के हित और परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए लिया गया है।



साथ ही मोदी सरकार ने एक दूसरा आदेश भी जारी किया है, जिसके तहत टेलीग्राम के संदेश संपादन फीचर को 30 जून तक भारत में बंद रखने को कहा गया है। एनटीए के अनुसार कुछ गिरोह पुराने संदेशों में बदलाव करके उनमें प्रश्नपत्र डाल देते थे और फिर उसे कथित लीक का प्रमाण बताकर छात्रों और अभिभावकों को ठगते थे। एजेंसी ने स्पष्ट कहा कि सुरक्षित परीक्षा प्रणाली के बाहर वास्तविक प्रश्नपत्र उपलब्ध होने का दावा पूरी तरह फर्जी है और ऐसे किसी भी दावे पर भरोसा नहीं करना चाहिए।

हम आपको बता दें कि पिछले कई सप्ताह से टेलीग्राम पर 'पेपर लीक्ड नीट', 'री नीट 2026' और 'प्राइवेट माफिया' जैसे नामों वाले कई चैनल सक्रिय थे। इन चैनलों के माध्यम से चिंतित छात्रों और अभिभावकों से हजारों से लेकर लाखों रुपये तक मांगे जा रहे थे। दावा किया जा रहा था कि वास्तविक प्रश्नपत्र उपलब्ध कराया जाएगा। एनटीए ने कहा कि इस तरह के सभी दावे केवल धोखाधड़ी का हिस्सा हैं और छात्रों को भ्रमित करने के लिए फैलाए जा रहे हैं।

इस पूरे मामले में जांच एजेंसियों ने भी कार्रवाई तेज कर दी है। अहमदाबाद शहर साइबर अपराध शाखा ने एक अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जो टेलीग्राम पर आठ चैनल चलाकर छात्रों को निशाना बना रहा था। जांच में सामने आया कि फर्जी खातों के माध्यम से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का लेनदेन किया गया और एक महीने के भीतर करीब एक हजार मोबाइल नंबरों से संपर्क साधा गया। बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई ने भी पहले छात्रों को ऐसे दावों से सावधान रहने की चेतावनी दी थी। गृह मंत्रालय के समन्वय से संदिग्ध चैनलों को हटाने की प्रक्रिया भी चल रही है।

एनटीए ने माना कि टेलीग्राम पर अस्थायी रोक से लाखों सामान्य उपयोगकताओं को परेशानी होगी, क्योंकि बहुत से लोग इसका उपयोग पढ़ाई, व्यवसाय और निजी संवाद के लिए करते हैं। एजेंसी ने इस असुविधा पर खेद जताया, लेकिन कहा कि परीक्षा की सुरक्षा सर्वोपरि है और यही इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य है। एजेंसी ने यह भी स्पष्ट किया कि 22 जून के बाद यह प्रतिबंध समाप्त हो जाएगा।

इसी बीच, एनटीए ने छात्रों को भरोसा दिलाने की कोशिश भी की है। मंगलवार सुबह एजेंसी ने जानकारी दी कि प्रवेश पत्र जारी होने के लगभग 24 घंटे के भीतर 10 लाख से अधिक छात्र अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर चुके हैं।


एनटीए के अनुसार उसकी तकनीकी टीम लगातार सर्वर पर नजर बनाए हुए है ताकि सभी अभ्यर्थियों को समय पर प्रवेश पत्र उपलब्ध कराया जा सके और किसी तरह की तकनीकी समस्या न हो। गौरतलब है कि 3 मई को आयोजित नीट यूजी परीक्षा को कथित प्रश्नपत्र लीक के बाद 12 मई को रद्द कर दिया गया था।

अब 21 जून को होने वाली पुनर्परीक्षा में 22 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। एजेंसियों ने छात्रों और अभिभावकों से अपील की है कि वे किसी भी अपुष्ट जानकारी, सोशल मीडिया संदेश या फर्जी दावे पर विश्वास न करें।

यदि कोई व्यक्ति प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने या परीक्षा में मदद का दावा करता है तो उसकी सूचना तुरंत साइबर हेल्पलाइन 1930 पर दें। सरकार और जांच एजेंसियां इस बार परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए हर स्तर पर निगरानी रख रही हैं।

## टेलीग्राम ब्लॉक करने से नहीं छिपेंगी नाकामियां, खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नीट परीक्षा के री-एग्जाम के लिए टेलीग्राम को अस्थायी रूप से ब्लॉक किए जाने के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मोदी सरकार को सबसे पहले केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेना चाहिए, क्योंकि करोड़ों युवाओं का भविष्य उनकी नीतियों के कारण प्रभावित हो रहा है।



खरगे ने आरोप लगाया कि पिछले दस वर्षों में लगभग 90 पेपर लीक की घटनाओं ने देश के करीब 9 करोड़ युवाओं को प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि भारतीय वायु सेना का इस्तेमाल करना, टेलीग्राम को ब्लॉक करना या छोटे आरोपियों पर कार्रवाई कर असली पेपर लीक माफिया को बचाने की कोशिश करना, सरकार की नाकामियों को छिपाने का प्रयास है।

उन्होंने दावा किया कि भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में लगातार हो रही अनियमितताओं के कारण कई युवा मानसिक दबाव में आए हैं और कुछ ने आत्महत्या जैसा कदम भी उठाया है। उन्होंने कहा कि लाखों परिवार अपने बच्चों की तैयारी के लिए कर्ज तक लेते हैं, लेकिन नीट, एसएससी, यूजीसी नेट जैसी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं उनकी मेहनत पर पानी फेर देती हैं।

## अब बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेगी कफ सीरप, स्वास्थ्य मंत्रालय का अहम आदेश

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने मंगलवार को एक नोटिफिकेशन जारी किया, जिसके तहत कफ सीरप समेत सीरप वाली दवाएं अब बिना डॉक्टर की पर्ची के नहीं मिलेंगी। अब ऐसी दवाएं खरीदने के लिए ग्राहकों को डॉक्टर की पर्ची की जरूरत होगी।



यह बदलाव केंद्र सरकार द्वारा 'ड्रग्स रूल्स, 1945' में 'ड्रग्स (पांचवां संशोधन) रूल्स, 2026' के जरिए संशोधन करने के बाद आया है। इस संशोधन को 9 जून को ऑफिशियल गजट में नोटिफाई किया गया था। इस संशोधन के तहत ड्रग्स रूल्स, 1945 की अनुसूची के सीरियल नंबर 13 के आइटम नंबर (7) से सीरप शब्द को हटा दिया गया है।

अनुसूची ङ में उन दवाओं की कैटेगरीज की लिस्ट है जिन्हें कुछ खास शर्तों के साथ ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 के चैप्टर क्ष् के कुछ प्रावधानों से छूट मिली हुई है। लिस्ट से सीरप को हटाने के बाद अब ऐसी दवाएं लागू रेगुलेटरी जरूरतों के दायरे में आ जाएंगी।

### आम जनता से मांगा गया था सुझाव

यह संशोधन 29 दिसंबर, 2025 को जारी उस ड्राफ्ट नोटिफिकेशन के बाद किया गया है, जिसमें स्टेकहोल्डर्स और आम जनता से आपत्तियां और सुझाव मांगे गए थे। सरकार ने कहा कि फाइनल नोटिफिकेशन जारी करने से पहले ड्राफ्ट नियमों पर मिली सभी टिप्पणियों पर विचार किया गया था। नोटिफिकेशन में कहा गया, 'अब उक्त अधिनियम की धारा 12 और 33 के तहत मिली शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए केंद्र सरकार ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड से सलाह-मशविरा करने के बाद ड्रग्स रूल्स, 1945 में और संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाती है।'

संशोधन में आगे कहा गया है, 'ड्रग्स रूल्स, 1945 में, शेड्यूल ङ के 'क्लास ऑफ ड्रग्स' (दवाओं की श्रेणी) वाले कॉलम में सीरियल नंबर 13 के सामने आइटम नंबर (7) से 'सीरप' शब्द हटा दिया जाएगा।' यह नोटिफिकेशन 'ड्रग्स टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड' से सलाह-मशविरे के बाद जारी किया गया था। 'ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940' के तहत बनाए गए 'ड्रग्स रूल्स, 1945' भारत में दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण को रेगुलेट करते हैं।

## कन्नूर से जेद्दा जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी की आशंका, सुरक्षित वापस लौटा विमान

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**केरलम।** केरलम के कन्नूर से जेद्दा जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की एक फ्लाइट के यात्रियों को मंगलवार को तनावपूर्ण पलों का सामना करना पड़ा। दरअसल, जब विमान में उड़ान भरने के तुरंत बाद तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण चालक दल को कन्नूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वापस लौटना पड़ा। कन्नूर से सुबह करीब 7.03 बजे उड़ान भरने वाली इस फ्लाइट में यात्रा शुरू होने के लगभग 30 मिनट बाद एक तकनीकी खराबी का पता चला। मानक सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करते हुए, पायलटों ने अंतरराष्ट्रीय उड़ान जारी रखने के बजाय मूल हवाई अड्डे पर लौटने का फैसला किया। हालांकि, चूंकि विमान जेद्दाह की लंबी यात्रा के लिए भारी मात्रा में ईंधन ले जा रहा था, इसलिए चालक दल को लैंडिंग से पहले ईंधन का वजन कम करना पड़ा।



### पूरे 18 चक्कर लगाए

विमान ने सुरक्षित रूप से ईंधन गिराने के लिए क्षेत्र के ऊपर चक्कर लगाना शुरू किया और कन्नूर की ओर बढ़ने से पहले हवा में लगभग 18 चक्कर पूरे किए। विमान बाद में सुबह 9 बजे सुरक्षित रूप से उतर गया, जिससे यात्रियों और हवाई अड्डे के अधिकारियों को राहत मिली, जो स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे थे। विमान में कुल 180 यात्री सवार थे।

### विमान को दोबारा शुरू करने से पहले होगी जांच

शुरूआती रिपोर्टों के अनुसार, विमान ने हाल ही में अपने सहायक विद्युत इकाई (एपीयू) से संबंधित एक समस्या की सूचना दी थी। समस्या का समाधान कर लिया गया और विमान को परिचालन के लिए मंजूरी दे दी गई। हालांकि, अधिकारी अब यह निर्धारित करने के लिए विस्तृत जांच कर रहे हैं कि क्या पहले की समस्या का उड़ान के दौरान हुई तकनीकी समस्या से कोई संबंध था। विमान को दोबारा सेवा में शामिल करने से पहले हवाई अड्डे के अधिकारियों और तकनीकी टीमों द्वारा आगे की जांच किए जाने की उम्मीद है। इस घटना से तकनीकी आपात स्थितियों के दौरान उड़ान दल द्वारा अपनाई जाने वाली सुरक्षा प्रक्रियाओं के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। कन्नूर लौटने और ईंधन निकालने का निर्णय एहतियाती उपाय के रूप में लिया गया था, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि विमान सुरक्षित वजन सीमा के भीतर उतर सके। अधिकारियों ने बताया कि बाद में एयरलाइन अधिकारियों ने तनावग्रस्त यात्रियों की देखभाल की और आवश्यक जांच के बाद उनकी आगे की यात्रा की व्यवस्था की जाएगी।

## 'जो जाना चाहते हैं, जाएं': उद्धव ठाकरे का 'ऑपरेशन टाइगर' पर कड़ा संदेश, महाराष्ट्र में उबाल

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र की राजनीति में शिवसेना के कथित ऑपरेशन टाइगर को लेकर अटकलें जारी हैं। इस बीच, शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने पार्टी के सांसदों के साथ बैठक में मजबूती दिखाने की कोशिश की, जबकि दोनों गुटों के नेता घटनाओं के बारे में बिल्कुल अलग-अलग बातें कह रहे हैं। बैठक में मौजूद सूत्रों के अनुसार, ठाकरे ने सांसदों से कहा कि जो लोग पार्टी छोड़ना चाहते हैं, वे आजाद हैं और वे उनके अच्छे भविष्य की ही कामना करेंगे। 2022 में हुई बगावत, जिससे शिवसेना दो हिस्सों में बंट गई थी, उस पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि जब वे मुख्यमंत्री थे, तब भी उन्हें इन घटनाक्रमों की जानकारी थी, लेकिन उन्होंने किसी पर भी पार्टी में बने रहने के लिए दबाव नहीं डाला। ठाकरे ने सांसदों से कहा कि चार साल पहले पार्टी में बड़ी टूट हुई थी। चालीस विधायक पार्टी छोड़कर चले गए थे। क्या आपको लगता है कि मुझे पता नहीं था कि क्या हो रहा है? कहा जाता है कि उन्होंने यह भी कहा था कि जिन लोगों ने बालासाहेब ठाकरे की शिवसेना छोड़ी है, उन्हें आखिरकार अपने फैसले पर पछतावा होगा, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी होगी। उन्होंने आगे कहा कि हो सकता है कि आज मेरा समय न हो, लेकिन कल जरूर मेरा समय आएगा। तब तक हमें डटे रहना होगा और हिम्मत बनाए रखनी होगी। हालांकि, आज दिल्ली में शिवसेना सांसद संजय राउत ने उन खबरों का कड़ा विरोध किया जिनमें कहा गया था कि ठाकरे ने नेताओं से कहा था कि वे चाहें तो पार्टी छोड़ सकते हैं। राउत, जो पूरी बैठक के दौरान मौजूद थे, ने जोर देकर कहा कि पार्टी प्रमुख ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया था।




## एनसीपीआई में शामिल हुए टीएमसी के 20 सांसदों ने चली चाल, काकोली घोष को बनाया पार्टी अध्यक्ष

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की राजनीति और देश की संसद से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर आ रही है। तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसदों ने दलबदल विरोधी कानून के तहत अपनी सांसदी गंवाने से बचने के लिए एक अनोखा और बड़ा रास्ता निकाला है। इन बागी सांसदों ने एक छोटी और गुमनाम सी राजनीतिक पार्टी 'नेशनलिस्ट सिटीजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' का न सिर्फ दामन थाम लिया है, बल्कि पूरी पार्टी पर ही कब्जा कर लिया है। इतना ही नहीं ममता बनर्जी की पुरानी और बेहद करीबी रहीं काकोली घोष दस्तीदार को इस नई पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया है। बता दें कि काकोली घोष ही लोकसभा में ममता बनर्जी के खिलाफ हुए इस विद्रोह का मुख्य चेहरा हैं।



### रातों-रात कैसे चमकी एक गुमनाम पार्टी की किस्मत?

देखा जाए तो पश्चिम बंगाल की राजनीति का इस नए अध्याय का पूरा खेल बहुत ही सोची-समझी रणनीति के तहत खेला गया है। इस बात को ऐसे समझा जा सकता है कि सीक्रेट डील के तहत 30 मई को काकोली घोष दस्तीदार को NCPI का अध्यक्ष चुना गया। इससे ठीक दो दिन पहले, पार्टी की पुरानी अध्यक्ष शेवली कुंडू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। यह सब आपसी सहमति से इस छोटी पार्टी को बागियों के हवाले करने के लिए किया गया।

### 20 सांसदों का समर्थन

इससे पहले टीएमसी के कुल 28 लोकसभा सांसदों में से 20 बागी सांसद रविवार को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से मिले। उन्होंने स्पीकर को जानकारी दी कि उनके पास दो-तिहाई से ज्यादा सांसदों का बहुमत है, इसलिए वे टीएमसी छोड़कर NCPI में शामिल हो रहे हैं, ताकि उनकी सदस्यता रद्द न हो।

### पर्दे के पीछे से BJP का पूरा साथ!

देखा जाए तो भाजपा ने अभी तक इस पूरे मामले में कोई कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है, लेकिन सूत्रों के मुताबिक इस पूरी रणनीति के पीछे भाजपा का ही हाथ है। ऐसा अनुमान इसलिए लगाया जा रहा है, क्योंकि पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी, केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और वरिष्ठ सांसद निशिकांत दुबे लगातार इन बागी सांसदों के संपर्क में थे। इसके अलावा गौर करने वाली बात यह भी है कि सभी बागी सांसदों की कई महत्वपूर्ण बैठकें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के घर पर ही हुईं। फिर बीते रविवार को इन 20 सांसदों ने स्पीकर को साफ कर दिया कि वे NCPI में शामिल होकर भाजपा के नेतृत्व वाले NDA का हिस्सा बनने जा रहे हैं और उन्होंने सत्ताधारी गठबंधन की तरफ सीटें आवंटित करने की मांग की है।

## मनी लॉन्ड्रिंग पर ईडी का बड़ा एक्शन, दिल्ली-गोवा समेत 11 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने मंगलवार को दिल्ली, हरियाणा और गोवा में 11 जगहों पर तलाशी ली। यह कार्रवाई ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और कंसोर्टियम बैंकों को लगभग 155.21 करोड़ का कथित तौर पर गलत तरीके से नुकसान पहुँचाने से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले के सिलसिले में की गई। ईडी के चंडीगढ़ जोनल ऑफिस ने महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ जांच के सिलसिले में हरियाणा के करनाल, दिल्ली और गोवा में अशोक मित्तल, सौरभ ढींगरा, भरत भूषण मित्तल, रमन सिंघल और अन्य लोगों से जुड़ी जगहों पर तलाशी अभियान शुरू किया। यह मामला सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन द्वारा महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड, उसके डायरेक्टरों और अन्य लोगों के खिलाफ इंडियन पीनल कोड और प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत दर्ज की गई एफआईआर पर आधारित है। ईडी के अनुसार, आरोपी ने 'फिनाकल' में बिना किसी संबंधित एंट्री के, कथित तौर पर अनधिकृत SWIFT बदलावों के जरिए 'फॉरेन लेटर्स ऑफ क्रेडिट' की राशि को धोखाधड़ी से बढ़ा दिया। इससे ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और कंसोर्टियम बैंकों को लगभग 155.21 करोड़ का कथित तौर पर गलत नुकसान हुआ।



## 'इंडिया ब्लॉक में जहर किसने घोला?' डीएमके का कांग्रेस पर सीधा वार, राहुल गांधी को बताया 'अपरिपक्व'

वेलकम इंडिया, नेटवर्क

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद दक्षिण भारत की राजनीति में आया भूचाल अब राष्ट्रीय स्तर पर विपक्ष के 'INDIA' गठबंधन के लिए बड़ा संकट बन गया है। द्रविड़ मुनेत्र कषगम और उसकी पूर्व सहयोगी कांग्रेस के बीच की कड़वाहट अब पूरी तरह खुलकर सामने आ गई है। DMK के आधिकारिक मुखपत्र 'मुरासोली' ने एक तीखे संपादकीय में राहुल गांधी की कूटनीतिक समझ और विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाए हैं। 8 जून को नई दिल्ली में INDIA ब्लॉक की बैठक के बाद प्रकाशित एक संपादकीय में, DMK के आधिकारिक मुखपत्र 'मुरासोली' ने गठबंधन की राजनीति पर राहुल गांधी की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए और तर्क दिया कि गठबंधन की मौजूदा कई परेशानियाँ कांग्रेस के अपने कार्यों का नतीजा हैं।

### शिव का उदाहरण राहुल गांधी के खिलाफ इस्तेमाल किया गया

यह हमला INDIA ब्लॉक की बैठक के दौरान राहुल गांधी की उस टिप्पणी के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस को अपने सहयोगियों की आलोचना स्वीकार करनी चाहिए और उसे उसी तरह पचाना चाहिए जैसे भगवान शिव ने जहर पिया था। उस बयान का ज़िक्र करते हुए 'मुरासोली' ने कहाः 'फिर भी, जिस पौराणिक कथा का राहुल ज़िक्र करते हैं, उसमें भी शिव ने जहर नहीं बनाया था।





जहर तब निकला था जब देवता और असुर अमृत की तलाश में ब्रह्मांडीय सागर को मथ रहे थे, और शिव ने दुनिया को बचाने के लिए बस उसे पी लिया था।' जहर तब निकला था जब देवता और असुर अमृत की तलाश में ब्रह्मांडीय सागर को मथ रहे थे, और शिव ने दुनिया को बचाने के लिए बस उसे पी लिया था।' उसी उदाहरण का इस्तेमाल करते हुए, संपादकीय ने कांग्रेस पर फिर से ध्यान केंद्रित किया और सवाल उठाया कि क्या पार्टी ने खुद उन मतभेदों में योगदान दिया है जो अब विपक्षी गठबंधन को परेशान कर रहे हैं। उद्धड के मुखपत्र ने तर्क दिया कि एकता के लिए राहुल गांधी का आह्वान बहुत देर से आया। संपादकीय में कहा गया 'राहुल गांधी ने अब विपक्ष की एकता पर भाषण दिया है। उन्हें यह बात काफी देर से समझ आई है। आखिर, क्या राहुल ने खुद ही कई राज्यों में इस एकता को कमजोर नहीं किया था?' हालांकि गांधी ने गठबंधन सहयोगियों से कहा था कि 'कांग्रेस पार्टी की भूमिका, जैसा कि आप में से कई लोगों ने कहा है, आप सभी को प्यार और स्नेह के साथ एकजुट करना है,' लेकिन मुरासोली का दावा था कि कांग्रेस का राजनीतिक व्यवहार अक्सर कुछ और ही कहानी कहता था। संपादकीय में कहा गया कि गांधी ने बैठक के कुछ दिनों बाद अपना भाषण सार्वजनिक किया क्योंकि गठबंधन सहयोगियों की ओर से कांग्रेस की आलोचना तेज हो गई थी और उन्हें लगा कि उन्हें घटनाओं के बारे में अपना पक्ष रखना चाहिए।

संपादकीय का एक बड़ा हिस्सा केरल में वामपंथी दलों के साथ कांग्रेस के संबंधों पर केंद्रित था। अखबार ने राहुल गांधी की पिछली चुनावी रैलियों के दौरान की गई उन टिप्पणियों को याद किया, जिनमें उन्होंने वाम लोकतांत्रिक मोर्चा सरकार और केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन पर बीजेपी के साथ गुप्त समझौता करने का आरोप लगाया था।

## संपादक की कलम से

# संस्कारों और चरित्र से श्रेष्ठ समाज एवं राष्ट्र का निर्माण

प्राचीन काल से लेकर आज तक विचारधाराएँ समाज की मार्गदर्शक रही हैं। उन्होंने मानव सभ्यता को दिशा दी है, उसे अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने का कार्य किया है। व्यक्ति का जीवन उसके विचारों का ही प्रतिफल होता है। जैसा वह सोचता है, वैसा ही बनता जाता है। यही कारण है कि महान चिंतकों और दार्शनिकों के विचार समय और सीमाओं को लांघकर पीढ़ियों को प्रभावित करते रहे हैं। विचार और सिद्धांत मनुष्य की अंतःप्रज्ञा के दर्पण होते हैं। यही विचार व्यक्ति के चरित्र का निर्माण करते हैं और वही चरित्र आगे चलकर समाज तथा राष्ट्र की दिशा निर्धारित करता है। जब कोई श्रेष्ठ विचार जनमानस तक पहुँचता है और लोग उसे आत्मसात कर लेते हैं, तब वह केवल विचार नहीं रहता, बल्कि एक जनआंदोलन का स्वरूप धारण कर लेता है। इतिहास साक्षी है कि युग परिवर्तन की प्रत्येक बड़ी लहर किसी न किसी महान विचार से ही उत्पन्न हुई है। प्राचीन यूनान के महान दार्शनिक इसका सर्वोत्तम उदाहरण हैं। वे रूप-रंग से भले ही आकर्षक नहीं थे, किंतु उनकी विद्वता, मौलिक चिंतन और जनजागरण की क्षमता असाधारण थी। सामान्य जन उन्हें तत्कालीन शासकों से अधिक बुद्धिमान और सम्माननीय मानते थे। उनकी स्वतंत्र विचारधारा तत्कालीन सत्ता को असहज करती थी। परिणामस्वरूप उन्हें मृत्युदंड दिया गया और विषपान के लिए बाध्य किया गया। किंतु सुकरात का शरीर भले समाप्त हो गया, उनके विचार आज भी जीवित हैं और मानवता का मार्गदर्शन कर रहे हैं। यह विचारों की अमरता का सबसे बड़ा प्रमाण है। इसी प्रकार ने दासप्रथा के विरुद्ध आवाज उठाते हुए कहा था कि दास भी उतने ही मनुष्य हैं जितने उनके स्वामी। उनके इस विचार ने तत्कालीन अमेरिकी समाज को झकझोर दिया। विरोध इतना तीव्र था कि अंततः उनकी हत्या कर दी गई, किंतु उनके विचारों ने दासप्रथा उन्मूलन का मार्ग प्रशस्त किया। जनमानस की अंतरात्मा जागृत हुई और मानव अधिकारों की स्थापना का नया अध्याय आरंभ हुआ। भारत में ने विचारों की शक्ति को अत्यंत सरल शब्दों में व्यक्त किया था—‘हम जो सोचते हैं, वही बन जाते हैं।’ उनके अनुसार विचार ही व्यक्ति का निर्माण करते हैं। वही उसे महानता की ओर ले जाते हैं अथवा पतन के मार्ग पर धकेलते हैं। विचारों के बिना व्यक्ति का कोई अस्तित्व नहीं है। आज विवेकानंद हमारे बीच सशरीर उपस्थित नहीं हैं, किंतु उनके विचार आज भी करोड़ों युवाओं को प्रेरणा दे रहे हैं। इससे स्पष्ट होता है कि भौतिक शरीर नष्ट हो सकता है, परंतु श्रेष्ठ विचार कभी नष्ट नहीं होते। विचारों की यही अमरता किसी भी तानाशाह के लिए सबसे बड़ी चुनौती होती है। इतिहास में अनेक बार सत्ता ने व्यक्तियों को कुचलने का प्रयास किया है, किंतु विचारों को समाप्त नहीं कर सकी। चाहे वह हो या , दोनों के मूल में विचारों की शक्ति ही थी। जब जनमानस जागृत हुआ तो दमन और भय की दीवारें ढह गईं। यही कारण है कि कहा जाता है—व्यक्ति को दबाया जा सकता है, पर विचारों को नहीं। एक व्यक्ति का विचार तब तक सीमित रहता है जब तक वह केवल उसके मन में है। किंतु जैसे ही वह विचार समाज तक पहुँचता है, हजारों-लाखों लोग उससे जुड़ जाते हैं। तब वह विचार एक सामूहिक चेतना का रूप धारण कर लेता है। विचारों की यही सघनता और व्यापकता किसी भी परिवर्तनकारी आंदोलन की आधारशिला होती है। विचार एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुँचते हैं और निरंतर विकसित होते रहते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

## प्रेम प्रीत की बयार

उदय किशोर साह



कविता

प्रेम प्रीत की जहाँ बहती बयार
खुश होता है उनका संसार
शुकुन की खिलती है वहाँ फूल
पैरों में ना कभी चुभती शूल

शांति क्षेत्र की होती वो दयार
जहाँ मित्रता की होती व्यवहार
स्वर्ग सा मंजर होती है जवार
मिल जुल कर रहते। संग चार

विकास की चमन वहाँ पे मुस्कुराता
ईर्ष्या द्वेष जहाँ पे पैर ना जमा पाता
हर परिजन जहाँ बरसाये प्यार
धन्य है वो सुख सागर का। दरवार

आओ बगिया की आज सैर करायें
प्रेम की गीत मिलकर हम गायें
बजने दो संगीत आज। मल्हार
बैरी भी सुन कर जायेगें अब हार

चैन की बंशी बजाना है गर जीवन में
प्रेम की भाव रख अपने ही सीने में
प्यार की ना मुरझाती है गुलनार
जहाँ पे होती है। प्रेम की इजहार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# पत्र: यादों का एक अमूल्य खजाना



डॉ विजय गर्ग
लेखक

आधुनिक तकनीक के इस दौर में, जब मोबाइल फोन, ई-मेल, व्हाट्सऐप और सोशल मीडिया ने संचार के तरीकों को पूरी तरह बदल दिया है, तब पत्र लेखन की परंपरा धीरे-धीरे पीछे छूटती जा रही है।

आज संदेश कुछ ही सेकंड में दुनिया के किसी भी कोने तक पहुंच जाते हैं, लेकिन इस तेजी के बीच हम उस भावनात्मक गहराई को खोते जा रहे हैं जो कभी एक साधारण से पत्र में समाई होती थी। पत्र केवल शब्दों का संग्रह नहीं होते, बल्कि वे यादों, भावनाओं और रिश्तों का एक अमूल्य खजाना होते हैं।

एक समय था जब डाकिए का इंतजार लोगों के दैनिक जीवन का हिस्सा हुआ करता था। दूर रहने वाले परिजनों, मित्रों और प्रियजनों की कुशल-क्षेम जानने का सबसे विश्वसनीय माध्यम पत्र ही थे। जब कोई पत्र आता था, तो उसे बार-बार पढ़ा जाता था।

उसमें लिखे शब्द केवल जानकारी नहीं देते थे, बल्कि लेखक की भावनाओं को भी व्यक्त करते थे। कागज पर उकेरी गई लिखावट, स्याही की खुशबू और शब्दों की आत्मीयता पत्र को विशेष बना देती थी।




पत्रों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय को सहेज कर रखते हैं। वर्षों पुराने पत्रों को पढ़ते ही बीते दिनों की यादें ताजा हो जाती हैं। वे हमें उन लोगों से जोड़ते हैं जो आज हमारे साथ नहीं हैं, लेकिन जिनकी भावनाएं और विचार उन पत्रों में जीवित हैं। पुराने पत्र एक ऐसे दर्पण की तरह होते हैं, जिनमें हम अपने अतीत को देख सकते हैं। यही कारण है कि लोग अपने प्रियजनों के पत्रों को संभालकर रखते हैं और उन्हें अपनी सबसे मूल्यवान धरोहर मानते हैं।

इतिहास के अध्ययन में भी पत्रों का विशेष महत्व है। अनेक ऐतिहासिक घटनाओं, सामाजिक परिवर्तनों और महान व्यक्तियों के जीवन के बारे में हमें जो जानकारी मिलती है, उसका बड़ा स्रोत उनके पत्र ही हैं।

स्वतंत्रता सेनानियों, साहित्यकारों, वैज्ञानिकों और राजनेताओं द्वारा लिखे गए पत्र आज भी इतिहास के महत्वपूर्ण दस्तावेज माने जाते हैं। वे केवल घटनाओं का वर्णन नहीं करते, बल्कि उस समय की भावनाओं और परिस्थितियों को भी हमारे सामने जीवंत कर देते हैं।

पत्र लेखन व्यक्ति में धैर्य, संवेदनशीलता और अभिव्यक्ति की क्षमता को भी विकसित करता है। पत्र लिखते समय व्यक्ति सोच-समझकर अपने विचारों को शब्द देता है। यह प्रक्रिया आत्मचिंतन को बढ़ावा देती है और भावनाओं को बेहतर ढंग से व्यक्त करने का अवसर प्रदान करती है। इसके विपरीत, आज के त्वरित संदेश अक्सर जल्दबाजी में लिखे जाते हैं और उनमें वह गहराई नहीं होती जो एक पत्र में देखने को मिलती है।

हालांकि आधुनिक संचार माध्यमों की उपयोगिता से इंकार नहीं किया जा सकता। वे तेज, सुविधाजनक और प्रभावी हैं। लेकिन इसके बावजूद पत्रों का महत्व कम नहीं होता। एक हस्तलिखित पत्र आज भी किसी के चेहरे पर मुस्कान ला सकता है, रिश्तों में आत्मीयता बढ़ा सकता है और वर्षों तक यादों के रूप में सुरक्षित रह सकता है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम तकनीक का उपयोग करते हुए भी पत्र लेखन की इस सुंदर परंपरा को पूरी तरह समाप्त न होने दें। कभी-कभी अपने माता-पिता, दादा-दादी, मित्रों या किसी प्रियजन को एक पत्र लिखना न केवल उन्हें खुशी देगा, बल्कि हमारे जीवन में भी भावनात्मक समृद्धि लाएगा।

अंततः कहा जा सकता है कि पत्र केवल कागज पर लिखे शब्द नहीं होते, बल्कि वे जीवन के अनमोल क्षणों, भावनाओं और रिश्तों के संरक्षक होते हैं। वे समय की सीमाओं को पार करके पीढ़ियों को जोड़ते हैं और हमें यह याद दिलाते हैं कि सच्ची संवेदनाएं कभी पुरानी नहीं होतीं। इसलिए पत्र वास्तव में यादों का एक अमूल्य खजाना हैं, जिसे हमें सहेजकर रखना चाहिए।

# कृषि का कारपोरेट अधिगृहण: किसान से उपभोक्ता तक किसका नियंत्रण?



एन0के0शर्मा
लेखक




कभी भारत को ‘कृषि प्रधान देश’ कहा जाता था। यह केवल एक आर्थिक परिभाषा नहीं थी, बल्कि एक सभ्यतागत सत्य था। खेत केवल उत्पादन की इकाई नहीं थे, वे संस्कृति, आत्मनिर्भरता, सामाजिक संतुलन और राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार थे। किसान केवल अन्नदाता नहीं था, वह भूमि, जल, बीज और भविष्य का संरक्षक भी था। किंतु इक्कीसवीं सदी के तीसरे दशक में एक नया प्रश्न विश्व के सामने खड़ा है—क्या कृषि अब भी किसानों के हाथ में है, या उसका नियंत्रण धीरे-धीरे कुछ विशाल कॉर्पोरेट संरचनाओं के हाथों में सिमटता जा रहा है? यह प्रश्न केवल भारत का नहीं, बल्कि सम्पूर्ण विश्व का है। अमेरिका से लेकर यूरोप, अफ्रीका से लेकर एशिया तक कृषि व्यवस्था के स्वरूप में तेजी से बदलाव आया है। खेती अब केवल मिट्टी और मौसम का विषय नहीं रह गई; यह पूँजी, डेटा, पेटेंट, आपूर्ति श्रृंखला, वित्तीय संस्थानों और वैश्विक व्यापारिक हितों का जटिल नेटवर्क बन चुकी है। खेत में बोया गया बीज और शहर की थाली में परोसा गया भोजन अब अनेक अदृश्य शक्तियों से होकर गुजरता है। इसी प्रक्रिया को कई विशेषज्ञ ‘कृषि का कारपोरेट अधिग्रहण’ कहते हैं। दुनिया के अनेक देशों में बीजों पर कुछ बहुराष्ट्रीय कंपनियों का प्रभाव लगातार बढ़ा है। एक समय था जब किसान अपने खेतों से बीज बचाकर अगली फसल तैयार करता था। बीज उसकी स्वतंत्रता का प्रतीक था। आज अनेक स्थानों पर बीज एक व्यापारिक उत्पाद बन चुका है, जिसके पीछे शोध, पेटेंट, लाइसेंस और बौद्धिक संपदा अधिकारों का विशाल ढांचा खड़ा है। परिणामस्वरूप किसान की पारंपरिक स्वायत्तता सीमित होती दिखाई देती है। यदि बीज, उर्वरक, कीटनाशक और तकनीक सभी बाहरी स्रोतों पर निर्भर हो जाएँ, तो खेती का निर्णय किसान नहीं, बल्कि बाजार की शक्तियाँ निर्धारित करने लगती हैं। इस परिवर्तन का दूसरा आयाम भूमि है। विश्व के अनेक हिस्सों में बड़े निवेश समूहों और कृषि-व्यवसाय कंपनियों द्वारा विशाल कृषि भूमि का अधिग्रहण एक गंभीर बहस का विषय बना हुआ है। आर्थिक दृष्टि से इसे निवेश और उत्पादकता वृद्धि का माध्यम बताया जाता है, किंतु आलोचकों का तर्क है कि इससे छोटे और सीमांत किसानों की स्थिति कमजोर हो सकती है। जब भूमि उत्पादन की बजाय निवेश की वस्तु बन जाती है, तब खेती का उद्देश्य भी बदलने लगता है। तब फसल का चयन स्थानीय आवश्यकताओं से नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार की मांग से प्रभावित होने लगता है। भारत जैसे देश में यह प्रश्न और भी संवेदनशील हो जाता है, क्योंकि यहाँ कृषि केवल अर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आजीविका है। एक छोटे किसान के लिए खेत उसकी पहचान, सम्मान और सुरक्षा है। यदि कृषि व्यवस्था का नियंत्रण धीरे-धीरे कुछ बड़ी संस्थाओं के हाथों में केंद्रित हो जाए, तो यह केवल आर्थिक परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में भी गहरा बदलाव ला सकता है। कारपोरेट भागीदारी के समर्थक तर्क देते हैं कि आधुनिक कृषि को निवेश, तकनीक, भंडारण, कोल्ड चेन, प्रसंस्करण और वैश्विक बाजारों तक पहुँच की आवश्यकता है। उनका कहना है कि छोटे किसान अकेले इन चुनौतियों का सामना नहीं कर सकते। बड़े निवेश से उत्पादकता बढ़ सकती है, खाद्य अपव्यय कम हो सकता है और किसानों को बेहतर मूल्य मिल सकता है। यह तर्क पूरी तरह निराधार नहीं है। वास्तव में कृषि क्षेत्र को तकनीकी और अवसंरचनात्मक सुधारों की आवश्यकता है। लेकिन दूसरी ओर आलोचकों का प्रश्न भी उतना ही महत्वपूर्ण है—यदि उत्पादन, भंडारण, परिवहन, प्रसंस्करण और खुदरा बिक्री की पूरी श्रृंखला कुछ बड़ी कंपनियों के प्रभाव में आ जाए, तो किसान और उपभोक्ता की वास्तविक सौदेबाजी शक्ति कहाँ बचेगी? यदि किसान को अपनी उपज बेचने के लिए सीमित विकल्प मिलें और उपभोक्ता को भोजन खरीदने के लिए सीमित आपूर्ति स्रोत, तो बाजार की स्वतंत्रता का अर्थ क्या रह जाएगा? सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि आधुनिक कृषि में डेटा का महत्व तेजी से बढ़ रहा है। आज मिट्टी की गुणवत्ता, मौसम का पूर्वानुमान, बीज चयन, सिंचाई, उत्पादन क्षमता और बाजार मूल्य तक सब कुछ डिजिटल तकनीकों से जुड़ता जा रहा है। कृषि डेटा को भविष्य का ‘हरा सोना’ कहा जा रहा है। जिस संस्था के पास डेटा होगा, वह निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता भी रखेगी। इसलिए कृषि का भविष्य केवल खेतों में नहीं, बल्कि सर्वरों और एल्गोरिद्मों में भी तय हो रहा है। इस पूरी बहस का एक मानवीय पक्ष भी है, जिसे अक्सर आर्थिक रिपोर्टों और नीतिगत दस्तावेजों में पर्याप्त स्थान नहीं मिलता। एक किसान केवल उत्पादन की इकाई नहीं होता। उसकी फसल में उसकी मेहनत, परिवार की आशाएँ और पीढ़ियों की स्मृतियाँ जुड़ी होती हैं। जब कृषि का अत्यधिक व्यावसायीकरण होता है, तब लाभ और हानि की गणनाएँ मानवीय संवेदनाओं पर हावी होने लगती हैं। खेती का उद्देश्य भोजन उपलब्ध कराना कम और लाभ अधिक कमाना बन सकता है। यही वह बिंदु है जहाँ समाज को सावधान रहने की आवश्यकता है। इतिहास गवाह है कि किसी भी समाज में भोजन व्यवस्था पर नियंत्रण केवल आर्थिक शक्ति नहीं, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक शक्ति का भी स्रोत बनता है। जिस व्यवस्था के हाथों में भोजन की आपूर्ति होगी, उसके पास प्रभाव का एक असाधारण साधन भी होगा। यही कारण है कि कृषि और खाद्य सुरक्षा को अधिकांश राष्ट्र अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं में शामिल करते हैं। भोजन केवल बाजार का उत्पाद नहीं है; यह राष्ट्रीय स्थिरता और सामाजिक शांति का आधार है। यह भी सत्य है कि समस्या का समाधान कॉर्पोरेट संस्थाओं के पूर्ण विरोध में नहीं, बल्कि संतुलित व्यवस्था में निहित है। निवेश आवश्यक है, तकनीक आवश्यक है, आधुनिकता आवश्यक है; लेकिन इसके साथ किसान की स्वतंत्रता, स्थानीय बाजारों की प्रतिस्पर्धा, सहकारी मॉडल, पारदर्शी नियमन और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा भी उतनी ही आवश्यक है। यदि नीति का केंद्र केवल पूँजी होगी, तो किसान कमजोर होगा। यदि नीति का केंद्र केवल भावनाएँ होंगी, तो विकास बाधित होगा। इसलिए संतुलन ही सबसे बड़ी आवश्यकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकारें कृषि नीतियों को केवल उत्पादन और निर्यात के दृष्टिकोण से न देखें, बल्कि उन्हें सामाजिक न्याय, खाद्य संप्रभुता और ग्रामीण स्थिरता के व्यापक संदर्भ में समझें। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी व्यवस्था किसानों को बाजार का बंधक न बनाए। वहीं समाज को भी यह समझना होगा कि सस्ता भोजन हमेशा न्यायपूर्ण भोजन नहीं होता। यदि उपभोक्ता केवल कम कीमत देखेगा और उत्पादन की वास्तविक लागत को नहीं समझेगा, तो अंततः इसका भार किसान पर ही पड़ेगा। कृषि का प्रश्न अंततः केवल किसान का प्रश्न नहीं है। यह उस व्यक्ति का भी प्रश्न है जो शहर में बैठकर भोजन करता है। यह उस राष्ट्र का प्रश्न है जो अपनी खाद्य सुरक्षा को सुरक्षित रखना चाहता है। यह उस सभ्यता का प्रश्न है जो मिट्टी से अपना संबंध बनाए रखना चाहती है। इसलिए जब हम कृषि के कारपोरेट अधिग्रहण पर चर्चा करते हैं, तब वास्तव में हम यह तय कर रहे होते हैं कि भविष्य में भोजन पर किसका नियंत्रण होगा—कुछ शक्तिशाली संस्थाओं का, या उन करोड़ों हाथों का जो आज भी सूर्योदय से पहले खेतों में उतरकर मानवता का पेट भरने का कार्य करते हैं। क्योंकि जिस दिन किसान केवल उत्पादन का मजदूर बन जाएगा और भोजन केवल वित्तीय परिसंपत्ति बनकर रह जाएगा, उस दिन संकट केवल कृषि का नहीं होगा; वह लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और मानवीय गरिमा—तीनों का संकट होगा। और तब यह प्रश्न पहले से कहीं अधिक तीव्रता से गूँजेगा—खेत किसका है, बीज किसका है, भोजन किसका है, और अंततः भविष्य किसके नियंत्रण में है?

# रोजगार का सूखा, विकास की हरियाली: युवा भारत की असली तस्वीर क्या?



प्रो. आरके जैन
लेखक

देश के राजमार्ग विस्तृत हो रहे हैं, हवाई अड्डे आधुनिक बन रहे हैं, डिजिटल अर्थव्यवस्था नए कीर्तिमान गढ़ रही है और भारत विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। लेकिन इस चमकदार विकास के बीच एक प्रश्न लगातार उठ रहा है—यदि प्रगति इतनी तेज है, तो रोजगार के अवसर क्यों सिकुड़ रहे हैं?

हालिया आँकड़ों के अनुसार, मई 2026 में बेरोजगारी दर 5.5 प्रतिशत तक पहुँचना केवल एक आर्थिक संकेतक नहीं, बल्कि लाखों युवाओं, ग्रामीण परिवारों और शिक्षित बेरोजगारों की बढ़ती चिंता का प्रतिबिंब है। विकास की रफ्तार बढ़ रही है, पर रोजगार उसका साथ नहीं दे पा रहा। यही असंतुलन आज भारत की सबसे बड़ी आर्थिक और सामाजिक चुनौती बन गया है। क्या रोजगार सृजन के बिना विकास की यह यात्रा सचमुच पूर्ण कही जा सकती है?

इस चुनौती का सबसे गहरा असर ग्रामीण भारत में दिखाई देता है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (पीएलएफएस) के अनुसार मई 2026 में ग्रामीण बेरोजगारी दर 5.1 प्रतिशत तक पहुँच चुकी है। यह आँकड़ा भले छोटा लगे, पर इसके पीछे की सच्चाई कहीं अधिक गंभीर है। गाँव का युवा अब केवल खेती के सहारे अपना भविष्य नहीं देखता। कृषि आय की अनिश्चितता, बढ़ती लागत और सीमित अवसरों ने उसका भरोसा डगमगा दिया है। वहीं गैर-कृषि क्षेत्रों में रोजगार सृजन की गति भी अपेक्षित नहीं रही। नतीजतन, लाखों युवा या तो शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं या बेरोजगारी का दंश झेल रहे हैं। मनरेगा में बढ़ती मांग इस बात का स्पष्ट संकेत है कि रोजगार संकट अब गाँवों की चौखट तक पहुँच चुका है।

शहरी क्षेत्रों की तस्वीर भी पूरी तरह संतोषजनक नहीं है। यद्यपि शहरी बेरोजगारी दर 6.4 प्रतिशत रही, लेकिन रोजगार बाजार में बढ़ती प्रतिस्पर्धा ने अवसरों को सीमित कर दिया है। जिन शहरों को कभी संभावनाओं का केंद्र माना जाता था, वहीं आज हजारों योग्य युवा नौकरी की तलाश में भटक रहे हैं। आईटी और सेवा क्षेत्र, जो लंबे समय तक रोजगार वृद्धि के प्रमुख आधार रहे, अब




अपेक्षाकृत धीमी गति से अवसर पैदा कर रहे हैं। तकनीकी बदलावों और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं ने भी रोजगार के नए अवसरों को प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, शहर अब केवल उम्मीदों ही नहीं, बल्कि बढ़ती निराशा के भी केंद्र बनते जा रहे हैं।

सबसे चिंताजनक स्थिति युवाओं की है। 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग में बेरोजगारी दर लगभग 15 प्रतिशत (मार्च 2026 में 15.2%) तक पहुँचना केवल आर्थिक समस्या नहीं, बल्कि भविष्य को लेकर बढ़ती असुरक्षा का संकेत है। उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद भी लाखों युवा रोजगार के लिए संघर्ष कर रहे हैं। युवा महिलाओं की स्थिति और भी गंभीर है, जिनके लिए अवसर अपेक्षाकृत कम हैं। शिक्षा संस्थानों से निकलने वाले युवाओं के हाथ में डिग्रियाँ तो हैं, लेकिन उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप कौशल का अभाव अक्सर उनके मार्ग में बाधा बन जाता है। यही बढ़ता ‘स्किल गैप’ भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश को शक्ति के बजाय चुनौती में बदलने का खतरा पैदा कर रहा है।

इस स्थिति ने स्वाभाविक रूप से सरकार पर भी दबाव बढ़ाया है। पीएम किसान, आत्मनिर्भर भारत, स्किल इंडिया और स्टैंडअप इंडिया जैसी योजनाओं ने रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र में सकारात्मक पहल की है, लेकिन व्यापक स्तर पर रोजगार सृजन अब भी अपेक्षित गति नहीं पकड़ सका है।

विनिर्माण क्षेत्र में ‘चाइना प्लस वन’ रणनीति ने भारत के लिए नए अवसरों के द्वार खोले हैं, किंतु उन्हें बड़े पैमाने पर रोजगार में बदलने की प्रक्रिया अभी अधूरी है। विशेषकर एमएसएमई क्षेत्र वित्तीय चुनौतियों, सीमित ऋण उपलब्धता और अन्य संरचनात्मक बाधाओं से जूझ रहा है, जबकि सबसे अधिक रोजगार सृजन की क्षमता इसी क्षेत्र में निहित है।

वास्तविक आवश्यकता अब ऐसी आर्थिक दृष्टि की है, जिसमें विकास और रोजगार को अलग-अलग नहीं, बल्कि एक-दूसरे का आधार माना जाए। मुद्रास्फीति पर नियंत्रण, बुनियादी ढाँचे का विस्तार और डिजिटल अर्थव्यवस्था का सशक्तीकरण निस्संदेह महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हैं, किंतु केवल इनके बल पर रोजगार संकट का स्थायी समाधान संभव नहीं है। ग्रामीण भारत को नई शक्ति और गति देने के लिए फूड प्रोसेसिंग, पर्यटन, हस्तशिल्प, लघु उद्योगों तथा नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में व्यापक और लक्षित निवेश की आवश्यकता है। यदि रोजगार के अवसर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगे, तो पलायन कम होगा और क्षेत्रीय असमानताएँ भी घटेंगी।

महिलाओं की कार्यबल में भागीदारी बढ़ाना भी उतना ही आवश्यक है। सुरक्षित कार्य वातावरण, कौशल विकास कार्यक्रमों और उद्यमिता को प्रोत्साहन देकर लाखों महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से प्रभावी रूप से जोड़ा जा सकता है। साथ ही शिक्षा संस्थानों और उद्योग जगत के बीच मजबूत एवं व्यावहारिक तालमेल स्थापित करना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है, ताकि युवाओं को केवल डिग्री नहीं, बल्कि वास्तविक रोजगार योग्य कौशल भी प्राप्त हो सके। रोजगार का प्रश्न केवल नौकरी तक सीमित नहीं है; यह आत्मसम्मान, सामाजिक स्थिरता और राष्ट्रीय प्रगति से जुड़ा एक गहन एवं व्यापक विषय है। यह आँकड़े वर्तमान साप्ताहिक स्थिति पर आधारित हैं, जो अल्पकालिक बेरोजगारी को अधिक स्पष्ट दिखाते हैं, जबकि सामान्य स्थिति (वार्षिक) में यह दर लगभग 3.2 प्रतिशत रहती है।

दरअसल, यह संकट एक बड़ा अवसर भी है। भारत के पास विश्व का सबसे बड़ा युवा कार्यबल बनने की क्षमता है, पर यह तभी संपदा बनेगा जब रोजगार को राजनीतिक विमर्श से ऊपर उठाकर राष्ट्रीय संकल्प बनाया जाए। 5.5 प्रतिशत बेरोजगारी दर चेतावनी देती है कि विकास का अर्थ केवल ऊँची जीडीपी, निवेश या चमकते शहर नहीं हैं। विकास तभी सार्थक है जब वह युवाओं को काम, परिवारों को सुरक्षा और समाज को विश्वास दे। ग्रामीण भारत की उम्मीदों को केंद्र में रखकर रोजगार-प्रधान और समावेशी नीतियाँ अपनाई जाएँ, तभी ‘विकसित भारत’ का सपना साकार हो सकता है, वरना विकास की चमक के पीछे बेरोजगारी की परछाई और गहरी होती जाएगी।

# नगरायुक्त ने निरीक्षण कर ग्रीन रोड की गुणवत्ता को जांचा-परखा

## नगरायुक्त शिपू गिरि ने सीएम ग्रिड के तहत निमार्णाधीन दोनों परियोजना का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज सीएम ग्रिड फेज-वन और फेज-2 के अंतर्गत चल रहे सड़क निर्माण व अन्य कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने फेज-वन के निर्माण कार्य की धीमी गति पर नाराजगी तथा फेज-2 में सड़क निर्माण के लिए किये जा रहे कार्य पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने सीएम ग्रिड की दोनों परियोजनाओं के ठेकेदारों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।





नगरायुक्त शिपू गिरि ने निगम अधिकारियों के साथ दीवानी तिराहे से थाना सदर तक पैदल भ्रमण कर सीएम ग्रिड फेज-1 के तहत निर्मित की जा रही ग्रीन रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य अभियंता निर्माण सुरेन्द्र प्रसाद मिश्र को सड़क के चार सैम्पल लेने के निर्देश देते हुए कहा कि एक सैम्पल आईआईटी रुड़की व एक अन्य लैब को भेजकर निरीक्षण कराएं, जबकि एक ठेकेदार के पास और एक निगम के पास सुरक्षित रहेगा। उन्होंने डाली गयी सीवर लाइन को साफ कर मेन लाइन से सम्बद्ध करने के भी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रहीं इंटों एवं अन्य सामग्री की गुणवत्ता को भी बारीकी से जांचा-परखा। परियोजना से जुडे.निगम अधिकारियों ने नगरायुक्त को बताया कि जो सामग्री निर्माण कार्य में प्रयोग की जा रही है उसकी लैब से टेस्टिंग करायी गयी है। अधिकारियों ने बताया कि उस रोड पर बीपीसीएल की लाइन जा रही है जिसके कारण बरसात के पानी की निकासी के लिए पाइप नहीं डाल पा रहे थे।

नगरायुक्त ने बीपीसीएल को समन्वय बनाते हुए कार्य को पूरा कराने के निर्देश दिए। निगम अधिकारियों ने यह भी बताया कि अब हर रोज सुबह बिजली विभाग ने डेढ़-दो घंटे का शट डाउन देना शुरू कर दिया है जिससे बड़ी लाइन का कार्य प्रगति पर है। बिजली पोल शिफ्टिंग पर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जल्दी ही यह कार्य पूरा करा दिया जायेगा।

इस पर नगरायुक्त ने ठेकेदार को 15-20 दिन का समय पोल लगाने का कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदार को अतिसूक्ष्म समय में कार्य पूरा करने पर जोर देते हुए कहा कि वे सड़क पर पानी डलवाकर जल निकासी की स्थिति देखेंगे और बरसात के बाद ही सड़क को हैंडओवर लिया जायेगा। नगरायुक्त ने निगम अधिकारियों को थाना सदर तिराहे का सौंदर्यीकरण कराने और ग्रीन रोड पर ऐसी प्रजाति के पौधे लगाने के निर्देश दिए जिनसे सड़क खराब न हो और जो हर मौसम में हरे-भरे रहे।

नगरायुक्त ने फेज-2 के तहत निर्मित की जा रही ग्रीन रोड का आवास विकास पहुंचकर निरीक्षण किया। उन्होंने ठेकेदार को हर हफ्ते प्रगति रिपोर्ट देने तथा जहां कार्य हो रहा है उस क्षेत्र के अलावा अन्य क्षेत्र प्रभावित न हो यह सुनिश्चित करने को कहा। ठेकेदार ने नगरायुक्त को निदेर्शानुसार कार्य स्थल पर बेरीकेटिंग लगाने तथा निर्माण कार्य के दौरान कोई शिकायत न मिलने का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि सीएम ग्रिड फेज-वन के तहत कलक्ट्रेट तिराहे से हकीकत नगर आईएमए भवन व थाना सदर के सामने से होते हुए दीवनी तिराहे तक तथा फेज-2 के तहत जैन डिग्री कॉलेज रोड पर अनुपम स्वीट्स से जैन कॉलेज-आवास विकास होते हुए दिल्ली रोड तक ग्रीन रोड का निर्माण कराया जा रहा है।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार, महाप्रबंधक निर्माण सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, सहायक अभियंता मदन पाल, अवर अभियंता अनुज कुमार व अनूप कुमार के अलावा विद्युत विभाग के अधिकारी भी शामिल रहे।

# एमएलसी शिक्षक चुनाव में विधानसभा संयोजक बनाए जाने पर पवन गर्ग को बधाइयों का तांता

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी हापुड़ के वरिष्ठ नेता एवं निवर्तमान मंडल अध्यक्ष पवन गर्ग को आगामी एमएलसी शिक्षक चुनाव के लिए विधानसभा संयोजक नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकताओं एवं शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। उनकी नियुक्ति को संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, सक्रियता और लंबे समय से किए जा रहे समर्पित कार्यों का सम्मान माना जा रहा है।इस अवसर पर भाजपा के निवर्तमान मंडल महामंत्री एवं नगर पालिका परिषद हापुड़ के नामित सभासद सतीश सिंघाल ने पवन गर्ग को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए कहा कि पवन गर्ग एक कर्मठ, जुझारू और संगठन के प्रति पूर्ण समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने पार्टी की नीतियों और संगठन को मजबूत करने में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनकी कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और कार्यकताओं के साथ समन्वय स्थापित करने की योग्यता उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए उपयुक्त बनाती है।सतीश सिंघाल ने विश्वास व्यक्त किया कि पवन गर्ग अपने अनुभव और संगठनात्मक कौशल के बल पर शिक्षक एमएलसी चुनाव में पार्टी को मजबूत आधार प्रदान करेंगे तथा विधानसभा क्षेत्र में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व द्वारा पवन गर्ग पर जताया गया विश्वास निश्चित रूप से सार्थक सिद्ध होगा और उनके नेतृत्व में पार्टी को चुनाव में सकारात्मक परिणाम प्राप्त होंगे। पार्टी कार्यकताओं ने भी उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# प्रतिबंधित पशु मांस की तस्करी का भंडाफोड़, तीन तस्कर गिरफ्तार

राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध पशु कटान करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान प्रतिबंधित पशु के मांस की तस्करी करने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने रामपुर रोड स्थित गंदा नाला के पास से तीन आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से करीब पांच कुंतल प्रतिबंधित पशु का मांस, दो छुरियां तथा तस्करी में प्रयुक्त एक टैम्पो (रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी-13 डीटी-1029) बरामद किया गया है। गिरफ्तार



अभियुक्तों की पहचान सुफियान पुत्र मुबीन निवासी नई बस्ती सराय मोतीजा खां, थाना खुर्जा, जनपद बुलंदशहर, मुजीब पुत्र कलुआ निवासी नई बस्ती सराय मोतीजा खां, थाना खुर्जा, जनपद बुलंदशहर तथा आस मोहम्मद पुत्र हबीब निवासी पुरानी चुंगी, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। बरामद मांस को जांच के लिए भेजा गया है। थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# पिलखुवा में बृजमोहन किराना स्टोर से तीन नमूने लेकर प्रयोगशाला भेजे



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के पिलखुवा में एलिवेटेड रोड के नीचे स्थित बृजमोहन किराना स्टोर पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान टीम ने तीन नमूने संग्रहित कर प्रयोगशाला भेज दिए।

आपको बता दें कि शैलेश फॉर्म कॉलोनी निवासी बृजमोहन गर्ग पिन्नी वालों का किराना स्टोर है जहां मंगलवार को खाद्य सुरक्षा का की टीम ने छापामार कार्रवाई की। टीम ने मिक्स पिकल, सॉस, मयूनिस के एक-एक नमूने संग्रह कर प्रयोगशाला भेज दिए। जांच रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पंकज राय, आरती गुप्ता, आरपी गंगवार, शहरीश सादात, प्रियांक आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# ऑपरेशन दहन अभियान के तहत 6.97 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन दहन अभियान के अंतर्गत माल मुकदमाती (अवैध मादक पदार्थ) के निस्तारण कार्यक्रम के तहत मा० न्यायालय द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न थानों में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट के 78 अभियोगों से संबंधित जब्त मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण कराया। पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में थाना पिलखुवा क्षेत्र स्थित मैसर्स मेडीकेयर इन्वायरमेंट मैनेजमेंट प्रा. लि. में स्थापित इंसीनरेटर के माध्यम से अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 6.97 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थों को नष्ट किया गया। विनिष्टीकरण किए गए मादक पदार्थों में शामिल हैं–832.762 किलोग्राम गांजा24.050 किलोग्राम डोडा पोस्त1.380 किलोग्राम चरस162 ग्राम स्मैक3.005 किलोग्राम नशीली गोलियां पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनपद में मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध कारोबार के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। ऑपरेशन दहन अभियान के तहत जब्त मादक पदार्थों के सुरक्षित निस्तारण से न केवल कानून व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि नशे के कारोबार पर भी प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा। जिला पुलिस भविष्य में भी मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रखेगी।

# पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता व मारपीट करने वाले दो सगे भाइयों को किया गिरफ्तार



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के थाना हापुड़ देहात प्रभारी निरीक्षक पारस मलिक की पुलिस ने पुलिसकर्मियों के साथ अभद्रता व मारपीट के मामले में कार्रवाई करते हुए दो सगे भाइयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शिवम तथा बिट्टू पुत्रगण भोले राम निवासीगण ग्राम औरंगाबाद थाना सिंभावली को दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों को मंगलवार को ग्राम ददायरा के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और कार्रवाई शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार शुक्रवार की रात करीब 1:00 हापुड़ देहात थाने में तैनात हेड कांस्टेबल दौलत राम और कांस्टेबल अभिषेक त्यागी क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। तभी उन्होंने एक बाइक पर सवार होकर आए तीन संदिग्धों को रुकने का इशारा किया।

तलाशी के दौरान शराब की बोतल बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया था। इसके बाद आरोपियों ने मिलकर पुलिसकर्मियों को जमकर पीटा। सूचना पर पहुंचे अन्य पुलिस कर्मियों ने मामले में कार्रवाई करते मुकदमा दर्ज किया और मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपी भाई हैं।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा, शिवालयों का किया निरीक्षण

## ग्राम छपकोली स्थित श्री श्यामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचीं जिलाधिकारी कविता मीना, सुरक्षा और व्यवस्थाओं को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी कविता मीना ने सोमवार को ग्राम छपकोली स्थित श्री श्यामेश्वर महादेव मंदिर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंदिर परिसर एवं आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए



कि मंदिर परिसर एवं उसके आसपास साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी गंदगी न रहने पाए। उन्होंने पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहनों की पार्किंग मंदिर परिसर से पर्याप्त दूरी पर बनाई जाए, जिससे श्रद्धालुओं के आवागमन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और जाम की स्थिति से बचा जा सके। साथ ही पार्किंग स्थलों को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखने के निर्देश भी दिए।प्रकाश व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने विशेष जोर देते हुए कहा कि मंदिरों तक जाने वाले मार्गों पर लगी सभी खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल ठीक कराया जाए। जहां आवश्यकता हो, वहां अतिरिक्त अस्थायी प्रकाश व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए ताकि रात्रि के समय श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों को कांवड़ यात्रा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करने तथा श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा के दौरान सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए ताकि कांवड़ियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# आधार अपडेट के संबंध में जिलाधिकारी की द्वारा समीक्षा बैठक



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद की जिलाधिकारी के द्वारा आज कलेक्ट्रेट में 'जिला स्तरीय आधार समिति' की बैठक की गई जिसमें मुख्य फोकस - नामांकन और अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट 100% कराना है। बच्चों के आधार अपडेट पर जोर 0-5 साल आंगनबाड़ी और टीकाकरण केंद्रों पर कैंप लगाकर नए आधार बनाएं स्कूलों में शिविर लगाकर फिंगरप्रिंट,आईरिस और फोटो अपडेट कराएं। उद्ट ने कहा कि आंगनबाड़ी-स्कूलों में कोई काम लंबित न रहे।हाई स्कूलों में उरउ सेंटर जिलाधिकारी ने छात्रों की सुविधा के लिए हर कस्तूरबा बालिका विद्यालय में आधार अपडेट सेंटर खोलने को कहा आधार केंद्रों को एक्टिव करने के निर्देश बंद किट चालू करें बाल विकास और शिक्षा विभाग की नॉन-एक्टिव आधार किट तुरंत सक्रिय करें 18+ के लिए विशेष केंद्र जिन वयस्कों का आधार नहीं बना, उनके लिए जिला स्तर पर अलग सेंटर बनाएं जाए।हेल्पलाइन 1947 आधार कार्ड से संबंधित किसी भी समस्या के लिए नागरिक 1947 पर कॉल कर सकते हैं।प्रचार तहसीलों में फ्लैग, स्टैंडी लगाकर जागरूकता फैलाएं आधार अब अनिवार्य दस्तावेज है। 5 साल और 15 साल पर बायोमेट्रिक अपडेट न होने से बच्चे योजनाओं से वंचित हो जाएंगे। कैंप लगाकर शत-प्रतिशत कवरेज दें।

# प्यार की प्रेम कहानी का मंदिर में शादी करने के दो साल बाद गला दबाकर हत्या से अंत

हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र की आसरा कॉलोनी का है जहां के रहने वाले प्रेमी अभिषेक कश्यप 24 वर्षीय से मोदीनगर गाजियाबाद की रहने वाली युवती प्रेमिका ने करीब दो साल पहले अपनी मर्जी से प्रेम प्रसंग के चलते मंदिर में सात फेरे लेकर जिंदगी भर साथ रहने का वादा निभाते हुए शादी की थी, अपनों से दूर होकर दो साल के प्यार के खातिर प्यार की प्रेम कहानी का इतनी जल्दी अंत हो जाएगा यह तो उसने ख्वाबों में भी नहीं सोचा होगा। आजकल की जनरेशन को हो क्या रहा है यह कोई नहीं जानता आगे क्या हुआ।सीमा अभिषेक के संपर्क में करीब 2 साल पहले आई थी दोनों का प्यार परवाने चढ़ता चला गया दोनों ने एक साथ रहने की और जिंदगी भर साथ निभाने की



कसमें खाई सीमा 2 साल के प्यार की खातिर अपने परिवार को छोड़कर अभिषेक के साथ जीवन भर साथ निभाने के लिए तैयार हो गई मंदिर में जयमाला डालकर शादी कर ली, सोमवार की रात को सीमा की प्रेम कहानी का अभिषेक के हाथों अंत हो गया, अभिषेक ने सीमा को बड़े ही बेरहमी से गला घोटकर मौत के घाट उतार दिया और मौके से फरार हो गया जैसे ही सीमा की मौत की खबर सुबह दिन निकलने के बाद पुलिस को पता चली तो पुलिस विभाग में हड़कंप पहुंच गया। पुलिस ने प्रेमिका को मौत की नींद सुलाने वाले आरोपी को जाल बिछाकर धर दबोचा। महिला की मौत के बाद तत्काल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची आरोपी के बारे में जानकारी जुटाई,तो पुलिस के अनुसार पता चला आरोपी ने प्रेमिका पत्नी सीमा को इस लिए मौत के घाट उतार दिया कि वह उस पर किसी और व्यक्ति के साथ बात करने का शक करता था, इसी बात को लेकर सोमवार की देर रात महिला का अपने प्रेमी पति और अभिषेक कश्यप से झगड़ा व कहासुनी हुई, इसके बाद 2 साल की प्रेम कहानी को मात्र 2 मिनट में समाप्त कर दिया घटना को अंजाम देकर आरोपी फरार हो गया जिसको पुलिस ने टीम लगाकर गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने महिला के शवको कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी है ।

# आगामी कावड़ यात्रा को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी ने शिवालयों का किया निरीक्षण



हरेंद्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद की जिलाधिकारी कविता मीना के द्वारा आगामी कावड़ यात्रा से पूर्व ग्राम छपकोली स्थित श्यामेश्वर महादेव मंदिर का निरीक्षण किया गया । जिलाधिकारी ने निरीक्षण में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिए निर्देश।

जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा की - मंदिर परिसर में गंदगी नहीं होनी चाहिए।पार्किंग की व्यवस्था मंदिर से दूर रखे, ताकि जाम न लगे। साथ ही पार्किंग को दुरुस्त रखने के भी निर्देश



दिए। उन्होंने प्रकाश व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए कि मंदिरों के आने जाने वाले रास्ते पर खराब स्ट्रीट लाइट तुरंत ठीक कराएं, अतिरिक्त अस्थायी लाइट लगाने को लेकर भी निर्देशित किया गया।

# बीट सभा सीजन 2 का तीसरा ऑडिशन संपन्न, 21 जून को ग्रैंड फिनाले

वेलकम इंडिया ब्यूरो

**प्रयागराज।** बीट सभा द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज अभियान 'बीट सभा सीजन 2' का तीसरा ऑडिशन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस ऑडिशन में डांस, सिंग और मॉडलिंग कैटेगरी के लिए बड़ी संख्या में बच्चों ने भाग लिया और अपने टैलेंट का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का आयोजन नित्या शाला स्टूडियो में किया गया, जहाँ सभी बच्चों ने उत्साह और ऊर्जा के साथ अपनी प्रस्तुति दी। जजों ने सभी प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना की और चयनित प्रतिभाओं को आगामी 21 जून को होने वाले ग्रैंड फिनाले के लिए चुना गया।





जजों की भूमिकाः मॉडलिंग कैटेगरी की जजिंग बरिया वकील खान ने की, डांस कैटेगरी में नेहा नित्या ने प्रतिभागियों को परखा, वहीं सिंगिंग कैटेगरी में नंदन देशपांडे ने जज की भूमिका निभाई। आयोजन टीमः इस पूरे आयोजन को सफल बनाने में आयोजक यशराज सोनकर के साथ बीट सभा टीम के सदस्य विशाल रावत, प्राची सोनी, प्रदित्य, अंश, अंश, किशोरी, राधे, अनुज, अनुज और मार्केटिंग टीम से आदित्य का विशेष योगदान रहा। सभी टीम सदस्यों ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल और यादगार बनाया। बीट सभा के आयोजकों ने बताया कि सीजन 2 के ऑडिशन राउंड अब अंतिम चरण में हैं और 21 जून को प्रयागराज के सबसे बड़े मंच पर ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया जाएगा, जहाँ चयनित प्रतिभाएं अपना जलवा दिखाएंगी।

# ॐ कल्याणम वेलनेस सेंटर की अनूठी पहल, 'यंग तपस्वी' प्रशिक्षण शिविर का किया आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** ॐ कल्याणम वेलनेस सेंटर मिसरा पट्टी (देहरादून) में 'यंग तपस्वी' प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बच्चों और युवाओं के समग्र कल्याण की दिशा में एक प्रेरणादायक और दूरदर्शी पहल रही। कार्यक्रम आज बच्चों और युवाओं के होलिस्टिक वेलनेस अर्थात समग्र कल्याण की दिशा में एक प्रेरणादायक और दूरदर्शी पहल के रूप में स्थापित हो रहा है। यह कार्यक्रम केवल प्रशिक्षण नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण, आंतरिक ऊर्जा जागरण और संतुलित जीवनशैली विकसित करने की एक जीवन यात्रा है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सचिन त्यागी ने कहा कि वर्तमान समय में समाज को ऐसे आयोजनों की सबसे अधिक आवश्यकता है, जो बच्चों को केवल अकादमिक रूप से सक्षम न बनाएं, बल्कि उन्हें जीवन के हर आयाम में संतुलित और सशक्त बनाएं। उन्होंने कहा कि यंग तपस्वी का उद्देश्य बच्चों के भीतर सोशल स्किल, फिजिकल फिटनेस, मानसिक दृढ़ता, भावनात्मक संतुलन, नेतृत्व क्षमता और आध्यात्मिक चेतना का विकास करना है। उन्होंने कहा कि आज की शिक्षा व्यवस्था बच्चों को जानकारी तो दे रही है, लेकिन जीवन जीने की कला, तनाव प्रबंधन, सकारात्मक सोच, संवाद क्षमता, आत्मविश्वास और आंतरिक शांति जैसे विषयों पर गंभीर प्रयास कम दिखाई देते हैं। ऐसे में ॐ कल्याणम का प्रयास है कि नई पीढ़ी को जीवन के वास्तविक मूल्यों,





संतुलित सोच और स्वस्थ जीवन पद्धति से जोड़ा जाए। सचिन त्यागी ने कहा कि ॐ कल्याणम का मूल दर्शन 'व्यक्ति का आंतरिक विकास ही समाज और राष्ट्र के स्थायी विकास की आधारशिला है।' संस्था का उद्देश्य केवल कार्यक्रम आयोजित करना नहीं, बल्कि ऐसी पीढ़ी तैयार करना है जो मानसिक रूप से सजग, शारीरिक रूप से सक्षम, सामाजिक रूप से संवेदनशील और आध्यात्मिक रूप से जागृत हो। उनका कहना है कि जब बच्चे भीतर से मजबूत बनेंगे तभी समाज और राष्ट्र भी मजबूत होगा। यही सोच संस्था के हर प्रयास की आधारशिला है। राहुल सिंह पंवार ने बताया कि यंग तपस्वी अब एक राष्ट्रीय स्वरूप ले चुका है। इस विशेष कार्यक्रम में भारत के विभिन्न राज्यों से बच्चे शामिल हुए हैं, जबकि उन्हें प्रशिक्षित करने के लिए देश के अलग-अलग क्षेत्रों से अनुभवी ट्रेनर्स पहुंचे हैं। यह इस बात का संकेत है कि आज देशभर में अभिभावक और युवा ऐसी पहल की आवश्यकता महसूस कर रहे हैं, जो बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखकर जीवन के व्यापक आयामों से जोड़ सके। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनकी आंतरिक क्षमता से परिचित कराना, आत्मविश्वास विकसित करना, नेतृत्व क्षमता को जागृत करना, सामूहिक सहयोग की भावना विकसित करना और उन्हें जीवन के प्रति सजग एवं संतुलित दृष्टिकोण देना है। यंग तपस्वी बच्चों को केवल बाहरी उपलब्धियों के लिए नहीं बल्कि भीतर से मजबूत, शांत और जागरूक व्यक्तित्व बनने की दिशा में तैयार करता है। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को योग, ध्यान, शारीरिक प्रशिक्षण, व्यक्तित्व विकास, सामूहिक नेतृत्व, संवाद कला, आत्मअनुशासन, भावनात्मक प्रबंधन और आध्यात्मिक अभ्यासों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों के भीतर सुप्त ऊर्जा को जागृत करना और उन्हें स्वस्थ, संतुलित तथा उद्देश्यपूर्ण जीवन की ओर प्रेरित करना रहा। आयोजकों का मानना है कि भारत का भविष्य केवल आर्थिक या तकनीकी विकास से सशक्त नहीं होगा, बल्कि तब सशक्त होगा जब देश की नई पीढ़ी मानसिक स्वास्थ्य, नैतिक मूल्यों, आत्मिक चेतना और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण होगी। आज आवश्यकता केवल सफल व्यक्तियों की नहीं बल्कि संतुलित, संवेदनशील और जागरूक नागरिकों की है। ॐ कल्याणम इसी विचारधारा के साथ कार्य कर रहा है कि आने वाला भारत केवल विकसित नहीं बल्कि भीतर से स्वस्थ, संतुलित और चेतनाशील भारत बने। यंग तपस्वी उसी संकल्प की एक जीवंत अभिव्यक्ति है, जो नई पीढ़ी को स्वयं से जोड़ते हुए समाज और राष्ट्र के व्यापक कल्याण की दिशा में आगे बढ़ रही है। यह आयोजन एक कार्यक्रम भर नहीं, बल्कि उस परिवर्तनकारी विचार का प्रारंभ है जो आने वाले समय में भारत के युवाओं और बच्चों को एक नई दिशा, नई चेतना और एक संतुलित जीवन दृष्टि प्रदान करेगा।

# वृंदावन में भूमाफियाओं का आतंक, मकान पर कब्जे के प्रयास का आरोप

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/वृंदावन।** भूमाफियाओं की सक्रियता और अवैध कब्जों के मामलों के बीच एक नया मामला सामने आया है। ब्रजराज कुंज, पीली कोठी, पुरानी कालीदह निवासी बृजेश कुमार शर्मा ने कोतवाली वृंदावन में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कुछ लोगों ने उनके पुश्तैनी मकान पर जबरन कब्जा करने का प्रयास किया।

तहरीर के अनुसार, प्रार्थी के बाबा वल्लभ शरण शास्त्री ने वर्ष 1987 में 1820.5 वर्गमीटर भूमि क्रय की थी, जिस पर परिवार का लंबे समय से कब्जा चला आ रहा है।

बृजेश कुमार शर्मा का आरोप है कि 14 जून 2026 की सुबह शिव प्रकाश शर्मा और दिलीप कुमार अपने साथ चार-पांच लोगों को लेकर उनके मकान में घुस आए और एक कमरे का ताला तोड़कर कब्जा करने का प्रयास किया।

विरोध करने पर आरोपितों ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि उसी दिन शाम करीब सात बजे शिव प्रकाश शर्मा 15 से 20 हथियारबंद लोगों के साथ दोबारा पहुंचे।

आरोप है कि उन्होंने तीन कमरों के ताले तोड़कर सामान बाहर निकाल दिया और कमरों में अपने ताले लगाकर कब्जा करने की कोशिश की।

जाते समय आरोपितों ने तमंचा दिखाकर पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग होने का दावा करते हुए पेन ड्राइव पुलिस को सौंपने की बात कही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सीएम धामी ने केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से नई दिल्ली में भेंट की



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से कर्तव्य भवन, नई दिल्ली में भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने जनकल्याण से जुडे.विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से चर्चा की और उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का कहना है कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट करना हमेशा से ही उत्साहवर्धक साबित होता है।

# डीएम-एसएसपी ने किया गोवर्धन परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/गोवर्धन।** पावन अधिकमास के दौरान गोवर्धन आने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों, दर्शनार्थियों एवं परिक्रमार्थियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने मंगलवार को गोवर्धन परिक्रमा मार्ग का पैदल निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने स्वयं परिक्रमा लगाते हुए मार्ग पर उपलब्ध विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने विश्व प्रसिद्ध राधाकुंड पहुंचकर वहां की सुरक्षा व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, बैरियर, बैरिकेडिंग तथा गोताखोरों की तैनाती का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके अलावा गोवर्धन परिक्रमा मार्ग पर लगाए गए स्वास्थ्य शिविरों, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, भंडारों तथा सार्वजनिक शौचालयों का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं सुचारु एवं प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए ताकि अधिकमास के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, उप जिलाधिकारी गोवर्धन सुशील कुमार सिंह, तहसीलदार गोवर्धन बृजेश कुमार सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# अधिक मास खत्म होने पर निःशुल्क दबा वितरण केंद्रों का हुआ समापन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/बलदेव।** अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन द्वारा अधिक मास के चलते ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा मार्ग में कई स्थानों पर निःशुल्क दबा वितरण कैंप लगवाए गए थे।जिनका की अधिक मास समाप्त होने पर सभी कैंपों का समापन किया गया।प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार ने बताया कि कैंप के माध्यम से लाखों लोगों को निशुल्क दबा वितरित की गई।

अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन सामाजिक कार्य करने में हमेशा अग्रणी रहता है, चाहे कोराना काल हो या ऑपरेशन सिंदूर जिसमें फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने दस हजार ब्लड यूनिट रक्तदान अपने फौजी भाइयों को देने को कहा था, बाढ प्रभावित क्षेत्रों में भी संगठन अपनी टीम के साथ निशुल्क दवा वितरण कैम्पों का आयोजन करता रहता है ।

युवा समाजसेवी सुजीत वर्मा ने अखिल भारतीय फार्मासिस्ट एसोसिएशन के कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर रामेश्वर शर्मा, भगवान सिंह तोमर, गजेंद्र सिंह, भखेरन सरपंच, संजू तोमर, मंयक तोमर, अखिल सिंह, भानू प्रकाश, दाऊजी शर्मा, रितिक पंडित, विष्णु शर्मा, प्रकाश तोमर, सतेंद्र सिंह, लोकेंद्र सिंह, सुनील कुमार, एकता शर्मा, खुशी शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# सोमवती अमावस्या पर गौसेवा का संदेश, धरा गवर्नर डॉ. शंभु पंवार ने 21 सेवादारों का किया सम्मान

डॉ. शंभु पंवार

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** भारतीय संस्कृति में सोमवती अमावस्या को पुण्य, सेवा और श्रद्धा का पर्व माना गया है। इस अवसर पर वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर, अंतरराष्ट्रीय लेखक, पत्रकार एवं विचारक डॉ. शंभु पंवार ने परिवार सहित चिड़ावा स्थित श्रीकृष्ण गौशाला पहुंचकर गौसेवा एवं गौभक्तों के सम्मान के माध्यम से समाज को सेवा और संस्कार का संदेश दिया।

इस अवसर पर धरा गवर्नर डॉ. पंवार ने कहा कि शास्त्रों में गौमाता की निस्वार्थ भाव से सेवा को अत्यंत पुण्यकारी बताया गया है। मान्यता है कि गौसेवा से पितरों को शांति प्राप्त होती है तथा परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है।

उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता को श्रद्धा, करुणा और लोककल्याण का प्रतीक माना गया है।



डॉ. पंवार ने अपने माता-पिता की पुण्य स्मृति में निर्मित पीपल के गट्टे तथा गौवंश के लिए चारे की ठान का शुभारंभ किया।

इस दौरान उन्होंने परिवार की तीन पीढ़ियों के साथ गौमाताओं को हरा चारा अर्पित कर गौग्रास का भोग लगाया।विजय पंवार, सुभाष पंवार, अभिषेक पंवार, अंकित पंवार, पवन पंवार, चंदन पंवार, श्रीमती कमलेश पंवार, श्रीमती लक्ष्मी देवी, श्रीमती बबीता, ज्योति नारनौलिया, प्रिया पंवार, गरिश्मा, तनिष्क महावर, नन्ही यशस्वी, यशु एवं कान्हा पंवार सहित परिवार के सदस्यों ने भी गौसेवा में सहभागिता निभाई।

## गौ सेवादारों का किया सम्मान

इस अवसर पर गौ सेवक डॉ. शंभु पंवार ने श्रीकृष्ण गौशाला के 21 सेवादारों को मिठाई एवं दक्षिणा भेंट कर सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि वे अपने तथा परिवार के सदस्यों के जन्मदिवस एवं माता-पिता की पुण्यतिथियों पर नियमित रूप से गौशाला में हरा चारा, गुड़, दलिया आदि अर्पित कर गौसेवा करते हैं। कार्यक्रम में श्रीकृष्ण गौशाला समिति के सुरेश डालमिया, राहुल भीमराजका, नरोत्तम मोदी, एवं सेवानिवृत अधिकारी आत्माराम लाटा, सुरेश शर्मा, सुनील मिश्रा, योगेश शर्मा, संदीप कुमार, गोविंदराम लांबीवाला सहित बड़ी संख्या में गौभक्त उपस्थित रहे। उपस्थित जनों ने डॉ. पंवार के इस पुनीत एवं प्रेरणादायी कार्य की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय पहल बताया।

# आगरा में कॉलेज के सामने स्थित मजार प्रशासन ने हटाई, पुलिस बल रहा तैनात





मयूर खान

**आगरा(वेलकम इंडिया)।** आगरा में कॉलेज के सामने बनी मजार को मंगलवार को प्रशासन ने पुलिस बल की मौजूदगी में हटा दिया। कार्रवाई के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। बताया जा रहा है कि उक्त मजार को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इस संबंध में द्वारा न्यायालय में वाद भी दायर किया गया था। मामले के बाद प्रशासन ने सभी पक्षों से वार्ता की। प्रशासन के अनुसार, मुस्लिम पक्ष से बातचीत के बाद आपसी सहमति के आधार पर मजार को दूसरे स्थान पर स्थानांतरित (शिफ्ट) करने की कार्रवाई की गई है। प्रशासन का कहना है कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। कार्रवाई के दौरान स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। फिलहाल क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# ग्रीष्मावकाश के बाद नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ, बीएसए ने बच्चों को वितरित कीं कॉपियां और पेन



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा।** ग्रीष्मावकाश के बाद सोमवार को जनपद के विद्यालयों में नए शैक्षिक सत्र का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। लंबे अवकाश के बाद विद्यालय पहुंचे छात्र-छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान और परिसर में लौटती चहल-पहल ने सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) रतन कीर्ति ने विभिन्न विद्यालयों का भ्रमण कर बच्चों के बीच समय बिताया तथा उन्हें पेन और कॉपियां वितरित कर नए सत्र की शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

बीएसए रतन कीर्ति ने जनपद के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम नहीं पढ़ाते, बल्कि बच्चों के सपनों, संस्कारों और भविष्य का निर्माण करते हैं। नया शैक्षिक सत्र केवल बच्चों की विद्यालय वापसी नहीं, बल्कि नए संकल्प और नई ऊर्जा के साथ शिक्षा की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर है।

उन्होंने विश्वास जताया कि मथुरा का शिक्षक परिवार अपनी कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और प्रेम के साथ इस वर्ष भी शिक्षा के क्षेत्र में नई मिसाल कायम करेगा।

उन्होंने कहा, जब शिक्षक अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं, तब राष्ट्र अपना श्रेष्ठ भविष्य पाता है।

# निष्प्रयोज्य सोलर लाइट पैनल बने खतरे का कारण, तीन बार बचा हादसा, कभी हो सकता है बड़ा हादसा

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/बलदेव।** नीवरी रोड़ मौहल्ले में बीच बस्ती में वर्षों से बंद पड़े निष्प्रयोज्य सोलर लाइट पैनल के जर्जर ढांचे से स्थानीय लोगों में भय व आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय सीताराम पांडेय, अजय अग्रवाल, सोनू अग्रवाल ने बताया आए दिन सोलर पैनल गिर रहे हैं, किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। हाल में एक पैनल वाहन के ऊपर गिरने से गाड़ी टूटने से बाल-बाल बची , आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है।

बंटू पांडेय ,बलराम पांडेय ने बताया यह सोलर लाइट वर्षों से निष्प्रयोज्य है, आठ नौ पैनल लगे थे, आंधी अंधड़ से तीन पैनल टूटकर नीचे गिर चुके हैं।

तीनों बार बडा हादसा होने से बाल बाल बचे है, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। एक पैनल खतरनाक स्थिति में लटका है, चार अन्य पैनल कमजोर अवस्था में दिखाई दे रहे हैं, जो कभी गिर सकते हैं।

यह सोलर लाइट कई वर्षों से बंद है, काफी ऊंचाई पर स्थापित है। इसके नीचे दिनभर राहगीरों का आवागमन बना रहता है। आसपास बच्चे खेलते हैं ,वाहन खड़े रहते हैं, किसी पैनल के गिरने से गंभीर दुर्घटना हो सकती हैं।

नगर पंचायत बलदेव को अवगत करा दिया है, कोई कार्यवाही नहीं हुई है। लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय तन्नु शर्मा,मन्नू शर्मा ,जीतू शर्मा, सोनू पांडेय, श्याम सुंदर अग्रवाल,सुजीत वर्मा, भानू पुजारी आदि ने जिलाधिकारी से संज्ञान लेकर जर्जर सोलर पैनलों को हटवाने व समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने खेल व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए



वेलकम इंडिया संवाददाता

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री श्रीमती रेखा आर्य ने आज सचिवालय में खेल विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर प्रदेश की खेल व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिए साथ ही 39वें राष्ट्रीय खेलों के लिए खिलाड़ियों के ट्रायल और ट्रेनिंग का रोडमैप तैयार करने हेतु अधिकारियों को 'उत्तराखंड ओलंपिक संघ' के साथ तत्काल बैठक करने के लिए निर्देशित किया।

बैठक में उन्होंने कहा कि हमारे जिन होनहार खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय खेलों में पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया है, उन्हें आउट ऑफ टर्न जॉब देने में अब बिल्कुल देरी नहीं होगी।

मैंने विभाग को आगामी अगस्त माह तक इसकी विज्ञप्ति अनिवार्य रूप से जारी करने के कड़े निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, प्रदेश के पहले खेल विश्वविद्यालय का शैक्षिक सत्र जल्द शुरू करने के लिए नियुक्तियों में तेजी लाने और लोहाघाट महिला स्पोर्ट्स कॉलेज में आगामी जुलाई से पहला सत्र प्रारंभ करने की तैयारी को कहा है। श्रीमती आर्य ने कहा कि हमारा संकल्प नई खेल नीति और हर ब्लॉक में मिनी स्टेडियम के काम को रफ्तार देकर युवाओं को आगे बढ़ने के सर्वश्रेष्ठ अवसर प्रदान करना है।

बैठक में इस बारे में भी अधिकारियों को निर्देशित कियाक बैठक में विशेष प्रमुख खेल सचिव श्री अमित सिन्हा, खेल निदेशक, सुश्री दीप्ति सिंह, उप निदेशक श्री शक्ति सिंह, श्री नीरज गुप्ता सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# संतकबीरनगर पुलिस ने जानलेवा फायरिंग मामले में 8 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार, अवैध पिस्टल, कारतूस व तीन वाहन बरामद

वेलकम इंडिया संवाददाता



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के पर्यवेक्षण में जनपद संतकबीरनगर में अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दुबे के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 शैलेन्द्र कुमार, उ0नि0 इन्द्रभूषण सिंह, उ0नि0 अनिल कुमार यादव, का0 कमलेश यादव, का0 सुर्यप्रकाश यादव, का0 रघुवश प्रसाद, का0 समशेर अली, रि0का0 विकास पाठक, रि0का0 विजय कुमार, रि0का0 सुरज मिश्रा ने कृष्णचन्द पाण्डेय उर्फ के0सी0 पुत्र संजय पाण्डेय साकिन घटरम्हा तितौवा थाना कोतवाली खलीलाबाद, दीपक पाण्डेय पुत्र ध्रुवचन्द पाण्डेय साकिन पिपरा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर हाल मुकाम वार्ड न0 08 तितौवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, हनीपाल उर्फ गौरवपाल पुत्र स्व0 अशोक पाल साकिन कोहना थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, दुर्गेश यादव पुत्र राकेश यादव साकिन सिसवनिया थाना महुली जनपद संतकबीरनगर, दुष्यन्त राय पुत्र स्व0 रमेश राय साकिन घटरम्हा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, तुषार गुप्ता पुत्र पप्पू गुप्ता साकिन रौरापार थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, झिन्नू कन्नौजिया पुत्र गोलई कन्नौजिया साकिन घटरम्हा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर, देवेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र जयप्रकाश सिंह साकिन धमरजा थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को उतरावल गाँव में स्थित बीर बहादुर राय के मुर्गी फार्म से घटना में प्रयुक्त 03 अदद चारपहिया वाहन के साथ गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्त कृष्णचन्द पाण्डेय उर्फ के0सी0 की निशानदेही पर एक अदद पिस्टल 9` व एक अदद जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस 9 बरामद किया गया।

दिनाँक 16.06.2026 को वादी बीरबहादुर राय पुत्र स्व0 रामसमुझ राय ग्राम उतरावल थाना कतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर प्रार्थना पत्र दिया गया कि दिनाँक 15.06.2026 समय लगभग 08.30 बजे रात को लेन देन की बात को लेकर अभियुक्त कृष्णचन्द पाण्डेय उपरोक्त द्वारा अपने साथियों को लेकर तीन चारपहिया गाड़ी से वादी के मुर्गी फार्म उतरावल आकर, वादी को माँ बहन की गन्दी गन्दी गाली देते हुए कृष्णचन्द पाण्डेय उर्फ केसी जान मारने की नीयत से फायर किया गया व गाली व जान से मारने की धमकी दिया गया। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु0अ0सं0 531/2026 धारा 191(2), 191(3), 190, 109(1), 352, 351(3), 3(5) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

### बरामदगी का विवरण

एक अदद पिस्टल 9 mm।

एक अदद जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस 9mm।

स्कॉर्पियो वाहन संख्या UP51BM7272।

वैन्यू वाहन संख्या UP58AF2111।

क्रेटा वाहन संख्या UP53FR4449।

पूछताछ करने पर अभि0 कृष्णचन्द पाण्डेय उर्फ के0सी0 ने बताया कि लगभग चार माह पूर्व मैने बीर बहादुर राय से 09 लाख रुपये में एक क्रेटा वाहन खरीदा था, जो एक अन्य मुकदमे में थाना में सीज है। वाहन को न्यायालय से रिलीज कराने के लिए आवश्यक सहयोग न मिलने के कारण वीर बहादुर राय से विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में मै अपने साथियों के साथ तीन चारपहिया वाहनों से मुर्गी फार्म पहुंचा और अपने साथियो के सहयोग से उसके उपर मैने पिस्टल से फायर कर दिया जो किसी तरह बच गया उसके साथ के लोग हल्ला गुहार करने लगे गाँव के और आप पुलिस के आने पर मै अपने साथियो के साथ भागने की फिराक में हटने बढने लगे कि आप लोगो द्वारा पकड़ लिये गये।

घटना में प्रयुक्त एक अवैध 9` पिस्टल, एक जिन्दा कारतूस तथा एक खोखा कारतूस 9mm की बरामदगी एवं साक्ष्यों के आधार पर अभियोग अभियुक्त में धारा 3/7/25/27 आयुध अधिनियम की बढ़ोत्तरी की गयी।

### 'अभियुक्त कृष्णाचन्द पाण्डेय उर्फ के0सी0 उपरोक्त का अपराधिक इतिहास

- मु0अ0सं0 1051/2023 धारा 147, 294, 353, 427, 504, 506 भादवि व 7 दंडविधि (संसोधन) अधि0 1932 थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।
- मु0अ0सं0 840/2025 धारा 115(2), 127(2), 351(3), 352 बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।
- मु0अ0सं0 144/2026 धारा 109(1), 115(2), 127(2), 190, 191(2), 191(3), 324(4), 351(3), 352 बीएनएस थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।

### अभियुक्त दुष्यन्त राय उपरोक्त का अपराधिक इतिहास

- मु0अ0सं0 279/2022 धारा 149, 148, 149, 307, 323, 504, 506 भादवि थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।

### अभियुक्त देवेन्द्र प्रताप सिंह उपरोक्त का अपराधिक इतिहास

- मु0अ0सं0 279/2022 धारा 149, 148, 149, 307, 323, 504, 506 भादवि थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।
- मु0अ0सं0 682/2023 धारा 147, 149, 323, 325, 504, 506 भादवि व 3(1)(घ), 3(1)(द), 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर।

## क्रैक साइबर क्राइम अभियान के तहत साइबर ठगी के शिकार पीड़ित को मिली राहत, साइबर सेल ने वापस कराई 25,549.59 की धनराशि



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में क्रैक साइबर क्राइम अभियान के तहत साइबर अपराधों की रोकथाम एवं पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने हेतु साइबर सेल थाना कोतवाली खलीलाबाद टीम अपराध निरीक्षक वीरेन्द्र कुमार यादव (प्रभारी साइबर सेल), का0 रविकान्त कुशवाहा, म0का0 रीता देवी, म0का0 शिवांगी सिंह ने सतत प्रभावी कार्रवाई करते हुए किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका को लाभ का प्रलोभन देकर उसके साथ धोखाधड़ी (फ्रॉड) कर फ्राड खाते में ट्रांसफर हुए 52,129.00 रुपये मे से 25549.59 रुपये की धनराशि आवेदिका के खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गयी।

श्रीमती अरुणा गिरी पत्नी आशुतोष गोस्वामी निवासी रसूलाबाद थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर से दिनाँक 07.02.2026 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका को लोन देने का प्रलोभन देकर उनके साथ धोखाधड़ी (फ्रॉड) कर फ्राड खाते में 52,129.00 रुपये की धनराशि ट्रांसफर करवा लिया गया। ठगी का अहसास होने पर आवेदिका ने तत्काल थाना कोतवाली खलीलाबाद में शिकायत दर्ज कराई। साइबर हेल्प डेस्क पर तैनात आरक्षी रविकान्त कुशवाहा द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए NCRP पोर्टल पर शिकायत संख्या 33102260029531 पंजीकृत की गयी। पुलिस की प्रभावी पैरवी से 52,129.00 रुपये मे से 25549.59 रुपये की धनराशि को आवेदिका के खाते में सफलतापूर्वक वापस करा दी गयी।

# ढाई साल के अन्तराल पर कोर्ट के आदेश पर दोबारा प्रमुख बनी मुन्नीदेवी

राजीव मोंगरा



**गंगोह(वेलकम इंडिया)।** जिला मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में क्षेत्र पंचायत प्रमुख पद के कर्तव्यों एवम् दायित्वों के निर्वाहन हेतू मुन्नी देवी पत्नी उधल सिंह को क्षेत्र पंचायत प्रमुख के पद पर पदारुढ कर दिया गया है। डीएम अरविन्द कुमार चौहान के 8 जून 26 को हस्तारित आदेश की प्रति प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने एडीओं अनिल कीर्तज को सौंपी। ज्ञातव्य हो कि जिला न्यायाधीश द्वारा चुनाव याचिका बबली बनाम उतर प्रदेश सरकार आदि में 20 सितम्बर 2023 को अपने आदेश द्वारा गंगोह ब्लाक प्रमुख मुन्नी देवी के निर्विरोध चुनाव को शून्य घोषित कर दिया था, और 11 दिसम्बर 24 को पंचायत राज अधिनियम की धारा में प्रदत अधिकारों के तहत प्रमुख के कृतव्यों के निर्वाहन हेतू तीन क्षेत्र पंचायत सदस्यों की समिति का गठन किया था।

बबली बनाम उ.प्र. सरकार में पारित निर्णय 20 सितम्बर 23 के खिलाफ मुन्नी देवी पत्नी उधल सिंह ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल की थी। जिसे स्वीकारते हुए 26 मई को उच्चन्यायालय द्वारा कुछ बिन्दुओं को इंगित करते हुए दिशा निर्देश दिये थे। आदेश के आधार पर मुन्नी देवी ने उन्हें प्रमुख पद पर बहाल करने का अनुरोध किया था।

हाईकोर्ट के 26 मई 2026 के आदेश के अनुपालन में डीएम अरविन्द चौहान ने 11 दिसम्बर को गठित त्रिसदस्यीय संचालन समिति को समाप्त करते हुए अग्रिम आदेशों तक मुन्नी देवी पत्नी उधल सिंह निवासी ग्राम सालियर को प्रमुख पद पर पदारुढ करने का आदेश दिया है। डीएम द्वारा जारी प्रमुख बहाली के आदेश की प्रति प्रमुख प्रतिनिधि दिनेश कुमार ने एडीओ को सौंप दी है।

इस अवसर पर जिलामहामंत्री राकेशआर्य, जिला पंचायत सदस्य सुशील कम्हेडा, रामदाससैनी, श्याम सिंह पंवार, विकास चौधरी, मोनू प्रधान, अमित व प्रदीप बीडीसी, संजय प्रधान, सोनू मुखिया, रमेश चौधरी, अनिल मोहडा, सुबोध प्रधान, अंकित कुमार आदि रहे।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर डीएम ने सीएचसी मेहदावल में आयोजित आरोग्य मेले का किया अवलोकन, स्वास्थ्य सेवाओं का लिया जायजा



वेलकम इंडिया संवाददाता

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जन कल्याण एवं जन जागरूकता अभियान के क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहदावल में आयोजित तीन दिवसीय (दिनांक 14 जून से 16 जून 2026 तक) आरोग्य मेला के समापन अवसर पर लगाए गए स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया गया तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेहदावल का निरीक्षण भी किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा चिकित्सालय में चिकित्सक एवं दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ मरीज हेतु उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं के बारे में भी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आयोजित आरोग्य मेला में पंचायत विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा अंतर्समन्वय करते हुए आरोग्य मेला को सफल बनाया गया।

# मां शाकंभरी विश्वविद्यालय में ठोस कचरा प्रबंधन विषय पर बैठक आयोजित

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** आज दिनांक 16 जून 2026 को ठोस कचरा प्रबंधन एवं स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आईटीसी मिशन सुनहरा कल, पीजेआरएम फोर्स ट्रस्ट एवं उमंग सुनहरा कल सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में 'मां शाकंभरी विश्वविद्यालय' सहारनपुर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर विमला वाई. जी . एवं आईटीसी के प्रोग्राम मैनेजर श्री प्रकाश जी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सहभागिता की। बैठक के दौरान प्रोग्राम मैनेजर प्रकाश ने स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन से संबंधित विषयों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन की नियमावली 2026 के अंतर्गत चार प्रकार के डस्टबिन (नीला, हरा, लाल एवं काला) के उपयोग, जैविक खाद निर्माण हेतु कम्युनिटी कंपोस्टर एवं होम कंपोस्टर की उपयोगिता तथा आईटीसी के स्वच्छता मॉड्यूल के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। उन्होंने कहा कि इन उपायों के माध्यम से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्वच्छता के प्रति बेहतर समझ विकसित करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर विमला वाई. जी. ने आईटीसी द्वारा संचालित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में स्वच्छता एवं ठोस कचरा प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने समय-समय पर विद्यार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का भी आग्रह किया, जिससे छात्र-छात्राएं स्वच्छ एवं सुंदर परिसर तथा शहर के निर्माण में सक्रिय योगदान दे सकें।

# देवरिया नासिर में जनकल्याण एवं जन-जागरूकता चौपाल आयोजित

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर योजनाओं की जानकारी देते हुए सुनी गयी ग्रामीणों की समस्याएं

वेलकम इंडिया संवाददाता





**संतकबीरनगर।** केंद्र सरकार के सफलतापूर्वक 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेशव्यापी संचालित समेकित जनकल्याण एवं जन-जागरूकता अभियान के तहत विकास खंड सेमरियावां की ग्राम पंचायत देवरिया नासिर स्थित पंचायत भवन पर रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

चौपाल को संबोधित करते हुए सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राधेश्याम चौधरी ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रशासन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने ग्रामीणों से योजनाओं के प्रति जागरूक रहने और पात्रता के अनुसार उनका लाभ लेने की अपील की।

साथ ही स्वच्छता, ग्रामीण विकास, सामाजिक सुरक्षा एवं जनहित से जुड़ी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को भी सुना गया तथा उनके त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया गया।

चौपाल में राजस्व, पंचायत और विकास विभाग से संबंधित विभिन्न विषयों पर ग्रामीणों को आवश्यक जानकारी प्रदान की।

प्रधान प्रतिनिधि अफसरूद्दीन ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाना समय की आवश्यकता है। चौपाल जैसे कार्यक्रमों से ग्रामीणों को योजनाओं की सही जानकारी मिलती है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से सीधे संवाद का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने ग्रामीणों से जागरूक होकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

इस अवसर पर आंगनवाड़ी की मुख्य सेविका प्रभावती देवी, राजस्व लेखपाल नीरज कुमार, पंचायत सहायक अफसरूद्दीन, अतीक अहमद, अबू होरैरा, एजाज अहमद, वसीक अहमद, मैनुद्दीन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## मण्डलायुक्त ने किया शोभित यूनिवर्सिटी का निरीक्षण




राजीव मोंगरा

**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** मण्डलायुक्त डॉ0 रूपेश कुमार द्वारा उत्तर प्रदेश शासन के निदेशों के क्रम में कमेटी के सदस्यों के साथ शोभित यूनिवर्सिटी, गंगोह, तहसील नकुड़ का शासन द्वारा निर्धारित सूची के अनुसार मानकों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मण्डलायुक्त ने विभिन्न पत्रावलियों सहित व्यवस्थाओं का भी स्थलीय निरीक्षण किया तथा जानकारी प्राप्त की।

निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त भानु प्रताप यादव, उपजिलाधिकारी नकुड़ सुरेन्द्र कुमार, मुख्य कोषाधिकारी सूरज कुमार सहित यूनिवर्सिटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हुनर से व्यक्ति को मिलती है पहचान और मंजिलः बोहरा



**(वेलकम इंडिया)बाड़मेर राजस्थान।** जैन जागृति मंच संस्थान, बाड़मेर की ओर से जैन समाज के बालक–बालिकाओं के हुनर व कौशल विकास को लेकर मंगलवार को शिवदान कन्या पाठशाला जैन जागृति मंच कार्यालय में मंच अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन की उपस्थिति में नि:शुल्क बेसिक व टाइपिंग कम्प्यूटर कक्षाएं प्रारम्भ हुई। संस्थान अध्यक्ष मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि जैन जागृति मंच संस्थान की ओर से जैन समाज के बालक–बालिकाओं में शिक्षा, संस्कार व संगठन को लेकर विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। जिस कड़ी में मंगलवार को जैन समाज के 12 वर्ष से 18 वर्ष आयु वर्ग के बालक–बालिकाओं को नि:शुल्क बेसिक व टाइपिंग कम्प्यूटर कौशल सीखाने को लेकर कक्षाओं का शुभारम्भ हुआ। अमन ने कहा कि जीवन में हुनर व कौशल से व्यक्ति को पहचान व मंजिल प्राप्त होती है। सचिव कैलाश बोहरा ने बताया कि मंच कार्यालय में संचालित हो रही बेसिक व टाइपिंग कम्प्यूटर कक्षाओं के माध्यम से 30 से अधिक बालक–बालिकाएं एक माह में आधारभूत कम्प्यूटर संचालन का कौशल प्राप्त करेंगे। बेसिक व टाइपिंग कम्प्यूटर प्रशिक्षण की कक्षाएं प्रात: 8 बजे से 9.15 बजे तथा 9.15 बजे से 10.30 बजे के मध्य रहेगी। इच्छूक जैन बालक–बालिकाएं मंच कार्यालय में अपना आवेदन कर सकते है।

# बॉक्सिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन आयोजित हुए मुकाबलो में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

राजीव मोंगरा



**सहारनपुर(वेलकम इंडिया)।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रही चार दिवसीय प्रदेश स्तरीय समन्वय सब जूनियर बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन आयोजित हुए मुकाबलों में विभिन्न मंडलों से आई मुक्केबाजों ने रिंग में शानदार तकनीकी कौशल और अपने खेल का बेहतरीन प्रदर्शन किया।

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, खेल भवन लखनऊ एवं उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग संघ के संयुक्त तत्वाधान में क्षेत्रीय खेल कार्यालय, सहारनपुर के द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के 13 मण्डलों से आए 76 बालिका खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि, पूर्व राज्यमंत्री एवं जिला ओलम्पिक संघ सहारनपुर के अध्यक्ष संजय गर्ग को क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा ने बुके भेंट कर हार्दिक स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि जिला ओलम्पिक संघ सहारनपुर के सचिव डॉ. संदीप गुप्ता को सहायक प्रशिक्षक प्रवीन कुमार ने व मुख्य अतिथि को लाल धर्मेन्द्र प्रताप ने अंगवस्त्र पहनाकर हार्दिक अभिनन्दन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यमंत्री संजय गर्ग ने कहा कि प्रतियोगिता में हार जीत लगी रहती है प्रतियोगिता के प्रतिभागी खिलाड़ी अधिक से अधिक पदक जीत कर राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपने शहर, राज्य एवं देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया गया।

क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन पहला मुकाबला 30-33 कि.ग्रा. भार वर्ग में हिमांशी चित्रकूट बनाम अनामिका कुशवाहा गोरखपुर के मध्य खेला गया जिसमें अनामिका कुशवाहा गोरखपुर दूसरे राउण्ड में विजयी रही। दूसरा मुकाबला 33-35 कि.ग्रा. भार वर्ग में अंजली चित्रकूट बनाम माहिका झांसी मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें माहिका झांसी दूसरे राउण्ड में विजयी रही। प्रतियोगिता का तीसरा मुकाबला 35-37 कि.ग्रा. दीपा शुक्ला कानपुर बनाम श्रद्धा साहू झांसी मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें दीपा शुक्ला कनपुर दूसरे राउण्ड में विजयी रही। प्रतियोगिता का चौथा मुकाबला शान्वी यादव वाराणसी बनाम सुधा चित्रकूट के मध्य खेला गया जिसमें सान्वी यादव वाराणसी दूसरे राउण्ड में विजयी रही। पांचवा मैच 37-40 कि.ग्रा. भार वर्ग में अमृता पाल प्रयागराज बनाम आयुषी चौबे गोरखपुर मण्डल के मध्य खेला गया जिसमें अमृता पाल प्रयागराज तीसरे राउण्ड में विजेता घोषित की गयी। छठा मैच 43-46 कि.ग्रा. अराध्या मुरादाबाद बनाम संध्या यादव वाराणसी के मध्य खेला गया जिसमें संध्या यादव वाराणसी तीसरे राउण्ड में विजयी रही। सातवां मुकाबला 43-46 कि.ग्रा. भार वर्ग में आतिका झांसी बनाम स्वातिक जोशी सहारनपुर के मध्य खेला गया जिसमे आतिका झांसी दूसरे राउण्ड में विजयी रही।

प्रतियोगिता मे निर्णायकों की भूमिका सोमप्रकाश शर्मा, पवन कुमार, संजय गुप्ता, मनीष हजरिया, रॉबिन सिंह, अंकित गुप्ता, राजबहादुर, विवेक ढाका, कंचन भारती, कविता, सोनम, ननिका लिम्बू के द्वारा निभाई गई। इस अवससर पर क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा, सहायक प्रशिक्षक प्रवीन कुमार, जिला बॉक्सिंग संघ की सचिव रितु देवी, लाल धर्मेन्द्र प्रताप, जयेन्द्र, आदेश, सन्नी, पुनीत आर्य, प्रीति, प्रियंका, रूपेश, आकाश, गौरव, सुप्रिया, कनिष्ठ सहायक पुष्पपाल सिंह चौहान, शिवनंदन, अश्वनी श्रीवास्तव, तबरेज अहमद, अंकुश प्रजापति सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

# महानगर में विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहा निगमः महापौर

## वार्ड संख्या 40 में दो सड़कों के निर्माण कार्य का महापौर ने किया शुभारंभ

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम के वार्ड संख्या 40 में विकास कार्यों को नई गति प्रदान करते हुए दो महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण कार्य का महापौर डॉ. अजय कुमार ने विधिवत शुभारंभ किया। नगर निगम निधि से निर्मित होने वाली दोनों सड़कों पर करीब 35 लाख रुपये लागत आयेगी।

वार्ड 40 के पटेल नगर में महापौर डॉ.अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर व पार्षद राजेंद्र कोहली सहित अनेक भाजपा नेताओं ने सड़क पर गेंती चलाकर सड़कों के निर्माण कार्य की शुरूआत की। इस अवसर पर महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि नगर निगम महानगर में विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक वार्ड में विकास कार्यों को गति प्रदान कर रहा है। सड़क, बिजली, पानी व जल निकासी और स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास हेतु लगातार योजनाबद्ध तरीके से कार्य कराये जा रहे हैं ताकि नागरिकों के जीवन स्तर में और अधिक सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी, साथ ही स्थानीय नागरिकों को वर्षों से चली आ रही समस्याओं से भी राहत मिलेगी। नगर विधायक राजीव गुंबर ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं। ये विकास कार्य वार्ड के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे तथा क्षेत्र की मूलभूत सुविधाओं को और अधिक मजबूत करेंगे। कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष शीतल बिश्नोई, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, पार्षद राजेंद्र सिंह कोहली, वरिष्ठ भाजपा नेता यशपाल त्रेहन, मंडल अध्यक्ष हनी वर्मा, आनंद भाटिया व वरिष्ठ समाजसेवी राजीव शर्मा सहित बड़ी संख्या में कॉलोनीवासी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्थानीय नागरिकों ने क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों के लिए प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर निगम का आभार जताया और आशा व्यक्त की कि जनभागीदारी और सहयोग के साथ नगर निगम भविष्य में भी विकास कार्यों को इसी तरह गति प्रदान करता रहेगा। रहेगा।क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।





## तीन शातिर चोर गिरफ्तार कब्जे से चोरी किए आभूषण, नकदी व लोहे का सब्बल बरामद



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**नरौरा/बुलंदशहर।** थाना नरौरा पुलिस द्वारा मंगलवार को एक अभिसूचना के आधार पर कसेर तिराहा एवन होटल के पास से 03 शातिर चोरों को चोरी किए 1710/- रुपये, आभूषण व लोहे के सब्बल सहित

सोनू कुमार पुत्र यादराम उर्फ यादू निवासी ग्राम चौढेरा थाना नरौरा विजय उर्फ कालिया पुत्र छत्रपाल निवासी धसौली थाना सहसवान जनपद बदायूँ हाल पता ग्राम चौढेरा थाना नरौरा दीपक पुत्र रंजीत सिंह निवासी ग्राम चौढेरा थाना नरौरा जनपद बुलंदशहर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना नरौरा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजें गए है।

# संस्कृत जगत का गौरव बढ़ायाः प्रो. डॉ. मूलचन्द 'संस्कृत महामहोपाध्याय' मानद उपाधि से सम्मानित



**डॉ. शंभु पंवार**

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** राजकीय लोहिया महाविद्यालय, चूरू के संस्कृत विभागाध्यक्ष एवं प्रख्यात शिक्षाविद् प्रो. डॉ. मूलचन्द को संस्कृत भाषा एवं साहित्य के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग द्वारा प्रतिष्ठित 'संस्कृत महामहोपाध्याय' मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। डॉ.मूलचंद को यह सम्मान हिंदी साहित्य सम्मेलन प्रयाग के राजर्षि टंडन मंडपम में आयोजित हिंदी साहित्य सम्मेलन के उन्नायक स्वर्गीय डॉ. प्रभात शास्त्री की 108वीं जयंती समारोह में प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर के पूर्व कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे रहे। सम्मान प्राप्ति के पश्चात अपने संबोधन में प्रो. डॉ. मूलचन्द ने कहा कि 'संस्कृत ने मां का दायित्व निभाते हुए हमें ज्ञान और संस्कार प्रदान किए हैं, जबकि हिंदी बेटी का धर्म निभाते हुए उस गौरवशाली विरासत को जन-जन तक पहुंचा रही है।' उनके इस विचार को उपस्थित विद्वानों ने सराहा। उल्लेखनीय है कि प्रो. डॉ. मूलचन्द संस्कृत भाषा, साहित्य एवं भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए लंबे समय से कार्यरत हैं। उनकी विद्वत्ता एवं शैक्षणिक सेवाओं के लिए उन्हें पूर्व में भी विभिन्न संस्थाओं एवं राजस्थान सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। प्रो. डॉ. मूलचन्द को यह प्रतिष्ठित मानद उपाधि मिलने पर चूरू, झुंझुनूं सहित पूरे राजस्थान के शिक्षाविदों, संस्कृत प्रेमियों एवं साहित्यकारों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है। इस उपलब्धि को संस्कृत शिक्षा और भारतीय ज्ञान परंपरा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान का राष्ट्रीय स्तर पर मिला सम्मान माना जा रहा है।

# मोदनवाल समाज के नेता को राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय होने पर ही समाज का विकास संभवः डॉ घनश्याम दास मोदनवाल

**संदीप तिवारी**

**वाराणसी मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** भदोही जिले के गोपीगंज स्थित सावित्री लाल में सोमवार को अखिल भारतीय वैश्य हलवाई मोदनवाल महासभा के 29 वे स्थापना दिवस के अवसर पर मोदनमल महासभा के भदोही जिला इकाई के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ घनश्याम दास मोदनवाल ने कहा कि हम ऐसे समाज से आते हैं कि हमारे हाथ का बना प्रसाद भगवान को भोग लगाया जाता है मोदन सेन जी महाराज के वंशज होने पर हमें गर्व है।





मोदनवाल महासभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मोदनवाल समाज के उत्थान के लिए समाज के नेता जब तक राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय नहीं होंगे तब तक समाज के लोगों का राजनीत में पहचान नहीं होगा इसके लिए हमारे समाज को राजनीत के क्षेत्र में अपने समाज को आगे बढ़ाना होगा और जो पार्टी अपने समाज को टिकट दे उस सीट पर अपने समाज के प्रत्याशी का जमकर समर्थन कर अपने नेता को मजबूत बनाना होगा प्रदेश का चुनाव हो चाहे देश का चुनाव हो अपनी पहचान मजबूत बनाना होगा तब जाकर अपने समाज को सही दिशा मिलेगी और मान सम्मान मिलेगा और विकास का रास्ता खुलेगा महिला मोदनवाल सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष आरती मोदनवाल ने कहा कि समाज को जागरूक करने का कार्य समाज के इष्ट देव मोदन सेन जी महाराज के बारे में अपने परिवार में अपने बच्चों को बताएं और बेटियों को शिक्षित बनाएं अपने घर से ही समाज के भलाई का कार्य शुरू करें राष्ट्रीय पदाधिकारी राजेंद्र मोदनवाल ने कहा कि समाज के लोगों के साथ हो रहे उत्पीड़न पर अपने संगठन के युवा साथी समाज के पीड़ा को देखते हुए समाधान के लिए सक्रिय हैं और अच्छे कार्य कर रहे हैं जिसके चलते संस्था के पदाधिकारी और समाज के लोगों में ऊर्जा मिल रही है मोदनवाल महासभा के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी भोलेंद्र कुमार मोदनवाल ने कहा कि संस्थान का उद्देश्य है कि समाज के उत्थान के लिए संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी से लेकर बूथ लेवल के पदाधिकारी तक काम कर रहे हैं मोदनलाल परिवार के सुख-दुख में समाज के लोग उनके परिवार से मिलकर उनके कंधे से कंधा मिलाकर उनके समस्या के समाधान को निपटने का काम किया जा रहा है समाज को जागरूक होने की जरूरत है अपने समाज के किसी भी परिवार के साथ कोई छोटी बड़ी समस्या हो तो उनके आसपास कोई भी मोदनवाल महासभा से जुड़ा व्यक्ति हो तो उसे जरूर जानकारी दें जिस स्तर का भी मामला होगा उसके लिए मोदनवाल महासभा हर संभव प्रयास करेगा इस मौके पर मध्य प्रदेश की महिला मोदनवाल महासभा की नेता सुमन सतीश मोदनवाल ने कहा के मोदनवाल महासभा का उद्देश्य समाज के लोग मोदनवाल टाइटल को अपनाये हमने मध्य प्रदेश मैहर क्षेत्र में अपने समाज के लोगों को जागरुक करते हुए अपने बच्चों का नाम स्कूल में मोदनवाल टाइटल लिखवाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया है यह अभियान समाज के सभी पदाधिकारी को चलना चाहिए जागरूकता बढ़ेगी तो अपने समाज की ताकत बढ़ेगी कार्यक्रम के शुभारंभ मोदन सेन जी महाराज की चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया इस मौके पर डॉ घनश्याम दास मोदनवाल बृजेश कुमार मोदनवाल भोलेंद्र कुमार मदनवाल रतनलाल मोदनवाल राजेंद्र प्रसाद मोदनवाल ओमप्रकाश मोदनवाल रवि कुमार मोदनवाल मानव प्राण मोदनवाल प्रहलाद मोदनवाल राममिलन मोदनवाल विष्णु मदनलाल विंध्यवासिनी मोदनवाल विनोद बबलू मोदनवाल ज्योति मोदनवाल विद्या मोदनवाल आरती मोदनवाल राजलक्ष्मी मोदनवाल सहित कई राज्य से राष्ट्रीय एवं प्रदेश के पदाधिकारी कार्यक्रम में भाग लिए इस अवसर राष्ट्रीय पदाधिकारी के संगठन में विस्तार के लिए भी चर्चा हुई नए पदाधिकारी को संगठन में मौका देने पर विचार किया गया।

## थाना दुधारा पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर दुधारा पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के मामले में वाँछित अभियुक्त को पिपरा बोरिंग तिराह से बघौली जाने वाली सड़क पर बगीचे के पास से गिरफ्तार कर सम्बंधित न्यायालय भेज दिया। थाना दुधारा उ0नि0 अमरनाथ यादव, हे0का0 एहतेशाम, रि0का0 राहुल यादव ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर थाना दुधारा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 248/2026 धारा 87/137(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त विशाल पुत्र चन्द्रप्रकाश गौतम निवासी बाबू गगनई थाना मेहदावल जनपद संतकबीरनगर को पिपरा बोरिंग तिराह से बघौली जाने वाली सड़क पर बगीचे के पास से गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। साक्ष्य संकलन के आधार पर अभियोग में धारा 64 (1) बीएनएस व 5छ/6 पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई है। विदित हो कि वादी द्वारा दिनाँक 10.06.2026 को थाना दुधारा पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया गया था ।

# गंगा एक्सप्रेस वे पर स्याना क्षेत्रवासियों को राहत की मांग





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**स्याना/बुलंदशहर।** स्याना क्षेत्रवासियों को गंगा एक्सप्रेस वे पर आवागमन हेतु राहत दिए जाने की मांग मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की गई है। मांगो से संबंधित 5 सूत्रीय ज्ञापन स्याना के उपजिलाधिकारी लालजी विश्वकर्मा को सौंपा गया। मंगलवार को व्यापारी सुरक्षा फोरम का प्रतिनिधिमंडल तहसील स्थित एसडीएम आफिस पहुंचा तथा उपजिलाधिकारी को अवगत कराया कि मेरठ से प्रयागराज तक निर्मित गंगा एक्सप्रेस वे का एक इंटरचेंज (कट) स्याना से लगभग 5 किलोमीटर दूरी पर भैना गांव ठेरा गांव के निकट स्थित है। महामंत्री कपिल सिंघल सेठी ने बताया कि यह एक्सप्रेस-वे स्याना क्षेत्र के निवासियों के लिए आवागमन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में स्याना से मेरठ जाने तथा वापस आने के लिए एक्सप्रेस वे का टोल शुल्क लगभग 220 रुपए प्रति दिशा है, अर्थात आने-जाने में लगभग 440 का टोल टैक्स लग रहा है। यह शुल्क आम नागरिकों, व्यापारियों, नौकरी पेशा लोगों, विद्यार्थियों एवं दैनिक यात्रियों के लिए काफी बोझिल है। इसी कारण क्षेत्र के अधिकांश लोग उक्त एक्सप्रेस वे का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। संरक्षक रतनलाल अग्रवाल ने बताया कि गंगा एक्सप्रेस वे स्याना के अत्यंत निकट होने के बावजूद स्थानीय नागरिकों को अत्यधिक टोल शुल्क का भुगतान करना पड़ रहा है। तहसील अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय ने एसडीएम को अवगत कराया कि मात्र 18 किलोमीटर के 450 रुपए तक भी मशीनी की खामियों के कारण कट रहे हैं, अधिक रुपए कटने की आनलाइन शिकायत दर्ज करने पर भी पैसे रिटर्न नहीं हो पा रहे हैं। इस कारण आम जनता गंगा एक्सप्रेसवे पर सफर करने से कतरा रही है। नगराध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि जनहित में स्याना क्षेत्र के निवासियों के लिए विशेष लोकल पास अथवा मासिक कार्ड की व्यवस्था कर राहत दी जानी चाहिए। संस्था द्वारा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन में मांग की गई हैं कि स्याना क्षेत्र के निवासियों की छोटी निजी गाड़ियों के लिए विशेष लोकल पास की व्यवस्था की जाए। स्थानीय निवासियों हेतु कम शुल्क वाला मासिक कार्ड (Monthly Pass) जारी किया जाए। मासिक कार्ड पर दोनों दिशाओं में लगभग 40 किलोमीटर तक की यात्रा की सुविधा प्रदान की जाए। स्याना से मेरठ, एनएच-24 (दिल्ली मार्ग) तथा हसनपुर की दिशा में यात्रा करने वाले स्थानीय नागरिकों को विशेष रियायत प्रदान की जाए। क्षेत्रीय व्यापारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नियमित यात्रियों को टोल शुल्क में विशेष छूट दी जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया गया है कि जनहित के दृष्टिगत स्याना क्षेत्रवासियों के लिए गंगा एक्सप्रेस-वे पर लोकल पास अथवा रियायती मासिक कार्ड की व्यवस्था कराएं ताकि स्थानीय जनता को गंगा एक्सप्रेस वे की महत्वपूर्ण सुविधा का वास्तविक लाभ मिल पाए। प्रतिनिधिमंडल में रतनलाल अग्रवाल, संजय श्रोत्रिय,प्रदीप अग्रवाल, कपिल सिंघल सेठी, राजेश चौधरी, विनोद सिंघल आदि सम्मिलित रहे।

## मोहर्रम को लेकर थाना परिसर में हुई पीस कमेटी की बैठक



**संदीप तिवारी**

**मिजार्मुराद(वेलकम इंडिया)।** मिजार्मुराद थाना परिसर आगामी मोहर्रम को लेकर मंगलवार की शाम शांति समिति की बैठक मिजार्मुराद एसडीएम राजातालाब शांतुन सिनसिनवार और राजातालाब एसीपी अजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें अलग-अलग क्षेत्रों से आए तजियादार व सभ्रांत लोग उपस्थित रहे।एसडीएम ने कहां की किसी भी प्रकार की कोई गड़बड़ी मोहर्रम में नही होनी चाहिए अगर किसी को कोई समस्या है तो समय से पुलिस को बताए पुलिस उसका निस्तारण करेगी। मोहर्रम के दौरान शरारती तत्वों एवं अराजकतत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी अगर सोशल मीडिया पर किसी के भी द्वारा भड़काऊ पोस्ट या अन्य कोई भी गतिविधि पाया गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई किया जाएगा।इस दौरान मिजार्मुराद थाना प्रभारी गोपाल जी कुशवाहा, खजुरी चौकी प्रभारी गणेश पटेल, करधना चौकी प्रभारी अजीत कुमार मिश्रा, कछवांरोड चौकी प्रभारी संदीप सिंह, एसआई महेंद्र सरोज, दिवान अवनींद्र मिश्रा, कमल प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य अमन सिंह, ग्राम प्रधान करधना निशार अंसारी, अब्दुल हमीद, शैयद खान, पन्ना लाल पटेल, वीरेन्द्र, फरीद खान, नियाज खान, नाजिल अहमद, मुबारक खान, गुल्लू खान, जहूर, फिरोज अंसारी, सुहैल समेत दर्जनों की संख्या में ताजियादार व संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

# मौलाना महमूद असद मदनी का केंद्रीय गृह मंत्री को पत्र लिखा

**एहसान अंसारी**

**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने देहरादून जिले के विकासनगर क्षेत्र के बैरागीवाला गांव में हुई दुखद हत्या और उसके बाद उत्पन्न परिस्थितियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि किसी भी निर्दोष व्यक्ति की हत्या एक गंभीर अपराध और मानवता के विरुद्ध कृत्य है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए कम है। उन्होंने मृतक विनोद कश्यप के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हत्यारों को बिना किसी भेदभाव के कानून के अनुसार कठोर सजा मिलनी चाहिए।

मौलाना मदनी ने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं के बाद पूरे समाज को एकजुट होकर पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना चाहिए और अपराधियों के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्यवश कुछ शरारती और सांप्रदायिक तत्वों ने इस घटना के बाद क्षेत्र में जहर घोलने और लोगों को बांटने का काम किया है। जमीअत उलमा देहरादून की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना के बाद मुस्लिम समुदाय से जुड़े घरों, दुकानों और वाहनों को आग के हवाले किया गया, गांव की मस्जिदों को निशाना बनाया गया और भय के माहौल के कारण कई परिवार अपने घर छोड़ने पर मजबूर हो गए हैं। इस संदर्भ में विकासनगर के विधायक मुन्ना सिंह चौहान के भड़काऊ बयानों ने आग में घी डालने का काम किया है।

मौलाना मदनी ने बताया कि जमीअत उलमा-ए-हिंद ने इन परिस्थितियों के संबंध में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक विस्तृत पत्र



भेजा है। पत्र में मांग की गई है कि हत्या के मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराई जाए, दोषियों को कठोर सजा दी जाए, सांप्रदायिक हिंसा, घृणा फैलाने वाले भाषणों और उकसावे वाली गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाई जाए, भय के कारण पलायन करने वाले परिवारों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की जाए, प्रभावित क्षेत्रों में शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द बहाल करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं, आगजनी, तोड़फोड़ और धार्मिक स्थलों पर हुए हमलों की स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा प्रभावित परिवारों को उनके नुकसान का उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही मृतक के परिजनों को भी मुआवजा दिया जाए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भेजे गए इस पत्र की प्रतियां उत्तराखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, पुलिस महानिदेशक तथा देहरादून के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी भेजी गई हैं। पत्र में उत्तराखंड सरकार, जिला प्रशासन और पुलिस अधिकारियों से आग्रह किया गया है कि वे एक ओर वास्तविक अपराधियों को कानून के अनुसार सजा दिलाने को सुनिश्चित करें और दूसरी ओर सभी निर्दोष नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा, भय और असुरक्षा के वातावरण की समाप्ति तथा नफरत, हिंसा और सांप्रदायिक विभाजन को बढ़ावा देने वाले तत्वों के खिलाफ निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करें।

मौलाना मदनी ने इस बात पर भी गंभीर चिंता व्यक्त की कि आरोपी के मकान पर कानूनी प्रक्रियाओं तथा निर्धारित न्यायिक एवं प्रशासनिक प्रक्रिया को पूरा किए बिना केवल सांप्रदायिक दबाव के तहत बुलडोजर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाइयां भारतीय संविधान, कानून के शासन और न्याय के मूल सिद्धांतों के विरुद्ध हैं। भारत एक संवैधानिक लोकतंत्र है, जहां सजा का निर्धारण अदालतें करती हैं, न कि उग्र भीड़ या जनाक्रोश। कानून से परे उठाया गया कोई भी कदम न केवल न्याय की भावना को आहत करता है, बल्कि जनता के कानूनी व्यवस्था पर विश्वास को भी कमजोर करता है।

इससे पूर्व आज सुबह जमीअत उलमा जिला देहरादून के एक प्रतिनिधिमंडल ने नई दिल्ली स्थित जमीअत उलमा-ए-हिंद के केंद्रीय कार्यालय पहुंचकर अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी से मुलाकात की और क्षेत्र की स्थिति पर आधारित एक लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की। प्रतिनिधिमंडल में जिला देहरादून के अध्यक्ष मौलाना मासूम कासमी, महासचिव मौलाना गुलशेर, कोषाध्यक्ष मुफ्ती खुशनूद अली, जेम शाखा देहरादून के अध्यक्ष मुफ्ती नाज़िम अशरफ तथा जिला देहरादून दीनी तालीमी बोर्ड के महासचिव मौलाना नूर इलाही शामिल थे।

मौलाना मदनी ने जमीअत उलमा के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में हर संभव सहयोग करें तथा प्रभावित परिवारों को नैतिक और सामाजिक सहायता प्रदान करें।

## श्रीमद् भागवत कथा में मार्मिक वर्णन कर श्रोताओं को किया भावविभोर





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र के गांव पौटा बादशाह पुर खनौदा मार्ग के किनारे स्थित शिव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में डाक्टर नवल किशोर शास्त्री ने उद्धव और गोपी संवाद तथा रूक्मिणी मंगल कथा का मार्मिक वर्णन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर स्वामी बालकानंद गिरी सुरेश राघव, अमित कुमार,गवेन्द्र राघव, संजय लोधी, दिनेश लोधी समेत चरौरा,पोटा,शिकोई,खनौदा के सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

# विकास एवं जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित सफलतम '12 वर्ष विश्वास के, विकास के एवं जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत मंगलवार को दुल्हन मैरिज होम में 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' का भव्य आयोजन किया गया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष चौधरी चैनपाल सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसोदिया रहे। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सतेंद्र सिसोदिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन एवं जनकल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां प्राप्त की हैं। केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं ने समाज के प्रत्येक वर्ग के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य किया है तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में देश निरंतर अग्रसर है। कार्यक्रम में वक्ता के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष, पिछड़ा वर्ग मोर्चा योगेंद्र मावी एवं पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गाजियाबाद सत्यपाल प्रधान ने भी कार्यकताओं एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं विकसित भारत के लक्ष्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम में मोदीनगर विधायक श्रीमती डॉ मंजू शिवाच विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी को आवश्यक बताते हुए सभी से राष्ट्रहित में योगदान देने का आह्वान किया।

सम्मेलन में जिला पदाधिकारियों, प्रदेश एवं क्षेत्र पदाधिकारियों, नगर पालिका एवं नगर पंचायत अध्यक्षों, ब्लॉक प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षों, मोर्चा पदाधिकारियों, सभासदों, विभिन्न प्रकोष्ठों एवं विभागों के संयोजकों सहित बड़ी संख्या में कार्यकताओं एवं क्षेत्रवासियों ने सहभागिता की।

# विकसित भारत के 12 वर्ष पूर्ण होने पर नई टीएचआर रेसिपी का हुआ उद्घाटन

**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** विकसित भारत के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 14 से 16 जून तक भोजपुर विकास खंड स्तर पर विभिन्न विभागों द्वारा विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉलों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा तैयार की गई नई टीएचआर (टेक होम राशन) रेसिपी का उद्घाटन किया गया। समापन समारोह में मौजूद विधायक डॉ मंजू शिवाच तथा ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह को विभागीय अधिकारियों ने टीएचआर योजना के अंतर्गत विभिन्न लाभार्थी वर्गों के लिए निर्धारित रेसिपी की विस्तृत जानकारी दी।



अधिकारियों ने बताया कि नई रेसिपी का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को अधिक पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण पोषण उपलब्ध कराना है। विधायक डॉ मंजू सिवाच ने कहा कि सरकार की बाल विकास एवं पुष्टाहार योजनाएं माताओं और बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य की आधारशिला हैं। नई टीएचआर रेसिपी से लाभार्थियों को अधिक पौष्टिक आहार उपलब्ध होगा। ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से संचालित पोषण योजनाएं ग्रामीण क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य सुधार में इनका महत्वपूर्ण योगदान है। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही

## आईएएस-पीसीएस का सपना होगा साकार, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना में मिलेगी मुफ्त कोचिंग

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** संघ लोक सेवा आयोग (आईएएस) और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (पीसीएस) जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत गाजियाबाद में अभ्यर्थियों को नि:शुल्क कोचिंग सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली युवाओं को उच्च स्तरीय मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उन्हें प्रशासनिक सेवाओं में सफलता दिलाना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी संदीप चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना को प्रभावी रूप से संचालित करने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश और गाइडलाइन जारी की गई हैं। योजना के अंतर्गत ऐसे छात्र-छात्राएं जो आईएएस एवं पीसीएस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, वे जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय में पंजीकरण कराकर नि:शुल्क प्रशिक्षण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थियों के लिए आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 24 जून 2026 निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 जुलाई 2026 से शुरू किया जाएगा। इस योजना के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक मार्गदर्शन एवं अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त करने के इच्छुक छात्र-छात्राएं जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, कक्ष संख्या-111, विकास भवन, गाजियाबाद से आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा अथवा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा, ताकि योग्य एवं गंभीर अभ्यर्थियों को योजना का लाभ मिल सके। जिला प्रशासन ने युवाओं से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण अवसर का अधिकतम लाभ उठाएं और समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करें। मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना उन छात्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी साबित हो रही है जो आर्थिक कारणों से महंगी कोचिंग संस्थाओं में प्रवेश नहीं ले पाते, लेकिन प्रशासनिक सेवाओं में जाने का सपना देखते हैं। सरकार की इस पहल को युवाओं के भविष्य निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। नि:शुल्क कोचिंग, विशेषज्ञ मार्गदर्शन और प्रतिस्पर्धी माहौल मिलने से अभ्यर्थियों को अपनी तैयारी को नई दिशा देने का अवसर मिलेगा, जिससे अधिक से अधिक युवा प्रशासनिक सेवाओं में चयनित होकर प्रदेश और देश की सेवा कर सकेंगे।

# गदाना शहरी व विद्युत वितरण खंड के अंतर्गत वोल्टेज ड्रॉप के संबंध में ज्ञापन सौंपा

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मोदीनगर।** राष्ट्रीय लोकदल जिला उपाध्यक्ष एवं पूर्व सभासद विनोद गौतम एवं पूर्व सभासद एडवोकेट अजय माहेश्वरी ने अधिशासी अभियंता से मुलाकात कर गदाना शहरी व विद्युत वितरण खंड के अंतर्गत उप बिजली संस्थान से समस्त पोषित फीडर, जैसे इंदिरापुरी, तिबड़ा रोड, और कृष्ण कुंज, में वोल्टेज ड्रॉप के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। अधिशासी अभियंता को सौंप गए ज्ञापन में कहा गया है कि अवगत कराना है कि उपरोक्त विषयक के संबंध में गली नंबर 4 वाल वाली गली, सागर पेंटर वाली गली, गाजियाबाद वाली गली, सिद्धार्थ मोहल्ला, व गली 3, एवं 20 फुटा रोड, भूपेंद्रपूरी जो इंद्रापुरी मौहल्ला तथा चुना भट्टी से नंदनगरी तक इन मोहल्ले में लंबी दूरी से आपूर्ति होने के कारण टेल तक वोल्टेज ड्रॉप हो रही है। पिछले 3 वर्षों से यह समस्या अधिक बढ़ती जा



रही है जिसके कारण विद्युत उपभोक्ताओं के उपकरण भी फूंकते रहते हैं।

वोल्टेज ड्राप के कारण लाइनों में लोड आता है, इसी कारण फॉल्ट भी अधिक होते रहते हैं जिससे विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इस समस्या से जूझते रहते हैं। जिससे विभाग की छवि भी धूमिल होती है। इस संबंध में प्रार्थी ने समस्याओं के समाधान की ओर उपखंड तृतीया के उपखंड अधिकारी श्रीमान राम इकबाल जी को स्थान का मुआयना कराया गया था। जिसमें समाधान का आश्वासन दिया गया था।

जहां ट्रांसफार्मर लगने में कोई समस्या नहीं आए। उस एरिया में अंडरग्राउंड केबल से एक्स द्वारा भूमिगत अथवा ओवरहेड लाइन से ले जाकर नए परिवर्तन स्थापित कर ड्रॉप बिजली की समस्या से निजात दिलाया जाना अति आवश्यक है। पूर्व में उपखंड अधिकारी वह तत्कालीन अधिशासी अभियंता के संज्ञान में लगातार लाया गया तथा लिखित में भी प्रतिवेदन दिया गया था। हमें पूर्ण आशा है कि आपके कुशल नेतृत्व में विद्युत आपूर्ति को बेहतर करने के लिए नए परिवर्तन लगाने तथा लम्बी दूरी को समाप्त करने के लिए नई लाइन विस्तारित कार्य को अभिलंब कराया जाए। अनुरोध है कि उपरोक्त जनहित से जुड़े बिन्दुओ पर सकारात्मक कार्यवाही करते हुए, कृत कार्यवाही से अवगत कराने का कष्ट करें।

## प्रवीण कुमार शर्मा को ब्राह्मण महासभा की सदस्यता ग्रहण कराई



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा पंजी. के राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज ने आगरा निवासी प्रवीण कुमार शर्मा को अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा की सदस्यता ग्रहण कराई प्रवीण कुमार शर्मा एक बहुत ही सामाजिक व्यक्ति हैं। वर्तमान में मुरादनगर में निवास कर रहे हैं। उन्होंने स्वेच्छा से आज ब्राह्मण महासभा की सदस्यता ग्रहण की ब्राह्मण महासभा इनका सभा में हार्दिक स्वागत करती है। इसकी सूचना जिला अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश शर्मा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा को प्रेषित करती गई है।

# व्हाट्सएप पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग

## भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष व उनके समर्थकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मोदीनगर।** विकास भारत संकल्प सम्मेलन में महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष गीता कौशिक और उनके समर्थकों ने कार्यक्रम के दौरान व्हाट्सएप पर अभद्र टिप्पणी करने और अनुचित संदेश भेजने के आरोपी के खिलाफ कार्यवाही की मांग जमकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध इतना बढ़ गया कि भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया नाराज होकर कार्यक्रम बीच में छोड़कर चले गए।



जानकारी के अनुसार, एक बैक्वेट हॉल में आयोजित सम्मेलन में भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद थे। कार्यक्रम शांतिपूर्वक चल रहा था, लेकिन महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष गीता कौशिक अपने समर्थकों के साथ पहुंचीं और विरोध दर्ज कराना शुरू कर दिया।

महिला कार्यकताओं का आरोप था कि पार्टी में ऐसे लोगों को जिम्मेदार पदों पर रखा गया है, जो महिलाओं का सम्मान नहीं करते। उन्होंने जिला उपाध्यक्ष नितिन मित्तल के खिलाफ कार्रवाई न होने पर सवाल उठाए।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने नारेबाजी करते हुए मंच के सामने धरना दे दिया और संगठन से तत्काल कार्रवाई की मांग की।

महिलाओं का कहना था कि नितिन मित्तल के खिलाफ अभद्र टिप्पणी और व्हाट्सएप पर अनुचित संदेश भेजने के आरोप में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद संगठन ने अब तक कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई नहीं की है।

नितिन मित्तल को पार्टी से निष्कासित करने के साथ सदस्यता समाप्त करने की मांग की।

# गांव रोरी में प्रतिमा अनावरण का भव्य कार्यक्रम आयोजित



**अनिल वशिष्ठ**

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** ग्राम रोरी मोदीनगर में भूतपूर्व प्रधान में सरपंच रहे स्वर्गीय पंडित दीपचंद शर्मा उनके सम्मान में परिवार जनों द्वारा उनकी समाधि पर प्रतिमा अनावरण का एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बहुत से राजनीतिक और धार्मिक नेताओं ने शामिल होकर कार्यक्रम को बहुत ही भव्य बनाया। इस अवसर पर विभिन्न नेताओं ने परिवार की जमकर सराहना की कि वह आज उनके माता पिता के स्वर्गवास के 25 वर्ष बाद भी अपने माता-पिता को इस तरीके से याद करते हैं। इससे अगली पीढ़ी को यह सीखना चाहिए कि हमें अपने परिवार का मान सम्मान करना चाहिए और जब मां-बाप जिंदा हो तब अगर उनके साथ दिया जाए उनकी केयर की जाए तो यही सबसे बड़ी पूजा है। कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष अग्नि सहदेव शर्मा एवं भूतपूर्व प्रधान दिनेश शर्मा एवं समस्त पारिवारिक सदस्य रहे। सभी की ओर से आए हुए अतिथियों को पटका पहनाकर उनका सम्मान किया गया तथा उन्हें प्रतीक स्मृति चिन्ह दिए गए एवं सभी को उनकी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया गया।

सहदेव शर्मा ने अतिथियों का आदर सत्कार किया उन्हें प्रतीक चिन्ह प्रदान करें। नानक शर्मा ने मंच से मंच को संचालन किया।

# शिक्षा और खेल से गढ़ेगा भारत का स्वर्णिम भविष्य, युवाओं पर जताया भरोसा : संजीव शर्मा

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में 'शिक्षा एवं खेल संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि शिक्षा और खेल युवा शक्ति को सशक्त बनाने के सबसे प्रभावी माध्यम हैं और इन्हीं के दम पर विकसित भारत का सपना साकार होगा।





उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का युवा नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शिक्षा, कौशल विकास और खेलों के क्षेत्र में अभूतपूर्व अवसर उपलब्ध कराए गए हैं, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच मिला है।

कार्यक्रम में शिक्षाविदों, खिलाड़ियों, युवाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने भाग लेकर शिक्षा और खेल से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार रखे।

विधायक संजीव शर्मा ने प्रतिभागियों के सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए कहा कि युवाओं को आगे बढ़ाने और उनके सपनों को साकार करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय युवा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं, जो देश के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है। कार्यक्रम में युवाओं का उत्साह और सहभागिता आकर्षण का केंद्र रही। अंत में सभी ने विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का संकल्प लिया।

# महापौर सुनीता दयाल का विकास दौरा: वार्ड-7 में नाली-खड़ंजा निर्माण का शुभारंभ, जनता को जल्द समाधान का भरोसा

**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** नगर निगम गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने वार्ड संख्या -7 में विकास कार्यों की सौगात देते हुए नाली एवं खड़ंजा निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर कार्यों की गुणवत्ता का जायजा लिया और क्षेत्रवासियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।





महापौर ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों के साथ-साथ नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान भी निगम की प्राथमिकता है।

क्षेत्रवासियों द्वारा जल निकासी, सड़क मरम्मत, स्वच्छता व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट और नालियों की सफाई से संबंधित समस्याएं रखी गईं, जिनके निराकरण के लिए महापौर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में वार्ड -7 के पार्षद पति थान सिंह सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। लोगों ने महापौर का स्वागत करते हुए क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास कार्यों की सराहना की। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि जनसहभागिता के बिना शहर का समग्र विकास संभव नहीं है। नगर निगम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है और प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कराया जाएगा। क्षेत्रवासियों ने विश्वास जताया कि महापौर के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम विकास और जनसेवा के नए आयाम स्थापित कर रहा है। कार्यक्रम के अंत में लोगों ने महापौर का आभार व्यक्त करते हुए शहर के विकास में सहयोग देने का संकल्प लिया।

# आईटीएस डेंटल कॉलेज में उमड़ा मानवता का सैलाब, 100 लोगों ने किया रक्तदान

**गाजियाबाद(वेलकम इंडिया)।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर दिल्ली मेरठ रोड़ स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का प्रेरणादायी उदाहरण देखने को मिला। संस्थान परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर में लगभग 100 रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने का संकल्प लिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, जागरूकता और सेवा भावना का माहौल बना रहा। विश्व रक्तदाता दिवस इस वर्ष 'इंसानियत की एक बूंद, रक्तदान करें-जीवन बचाएं विषय के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन आईटीएस-द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन




डॉ. आर.पी. चड्ढा और वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन रोटरी क्लब साहिबाबाद तथा रोटरी वरदान ब्लड बैंक के सहयोग से किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों, चिकित्सकों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुबह करीब 9 बजे शुरू हुआ शिविर दोपहर 3 बजे तक लगातार संचालित होता रहा। इस दौरान आईटीएस डेंटल कॉलेज के बीडीएस एवं एमडीएस विद्यार्थियों के साथ-साथ फैकल्टी और स्टाफ ने भी उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।

# रिश्ता टूटने की रंजिश में सनकी आशिक का खूनी खेल, दो बहनों को मारी गोलियां


आरोपी जॉनी


निधि, घायल





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** खोड़ा थाना क्षेत्र के आदर्श नगर वाल्मीकि चौक में रिश्ते की रंजिश को लेकर एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। एक सिरफिरे युवक ने घर में घुसकर दो सगी बहनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां एक की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।

जानकारी के मुताबिक घायल खुशी (20) और उसकी छोटी बहन निधि (18) घर पर मौजूद थीं। आरोप है कि पुराना बस अड्डा बारादरी निवासी जॉनी शाम करीब 4:30 बजे उनके घर पहुंचा। बताया जा रहा है कि करीब डेढ़ वर्ष पहले खुशी और जॉनी का रिश्ता तय हुआ था, लेकिन युवक की कथित गलत गतिविधियों के चलते चार माह पूर्व परिवार ने रिश्ता तोड़ दिया था।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी करीब आधे घंटे तक गली में घूमता रहा और फिर घर की ऊपरी मंजिल पर पहुंच गया।

हथियार से लैस युवक को देखकर दोनों बहनों ने खुद को कमरे में बंद कर लिया, लेकिन आरोपी ने खिड़की का शीशा तोड़कर अंदर घुसने का प्रयास किया और दोनों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी। हमले में खुशी को चार गोलियां लगीं, जिनमें तीन पैर और एक पेट में लगी। वहीं निधि के चेहरे पर गोली लगी है। दोनों को गंभीर हालत में दिल्ली के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस अधिकारियों के अनुसार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमें गठित कर दी गई हैं। मामले के सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संजय नगर में चला जीडीए का बुलडोजर, जेप्टो का अवैध वेयरहाउस ध्वस्त





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने संजय नगर सेक्टर- 23 में अवैध रूप से संचालित एक वेयरहाउस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ध्वस्तीकरण अभियान चलाया। भवन संख्या एल-343 के सामने लगभग 549 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित इस वेयरहाउस में जेप्टो प्राइवेट लिमिटेड का स्टोर संचालित किया जा रहा था।

जीडीए के प्रवर्तन जोन -03 के प्रभारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान बताया गया कि उक्त निर्माण बिना स्वीकृति के किया गया था। प्राधिकरण द्वारा पूर्व में अवैध निर्माणकर्ता तथा जेप्टो प्राइवेट लिमिटेड को नोटिस जारी कर अवैध गतिविधियां बंद करने के निर्देश दिए गए थे। इसके अलावा भवन में अत्यधिक ज्वलनशील फोम सामग्री के उपयोग, अग्नि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम न होने तथा मुख्य अग्निशमन अधिकारी की अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के अभाव को लेकर भी संबंधित विभागों को पत्र भेजे गए थे।

निर्देशों का अनुपालन न किए जाने पर जीडीए ने मंगलवार को बुलडोजर कार्रवाई करते हुए अवैध वेयरहाउस को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान स्थानीय लोगों और निर्माणकताओं की ओर से विरोध भी किया गया, लेकिन पुलिस और प्राधिकरण के सुरक्षा बलों ने स्थिति को नियंत्रित करते हुए अभियान जारी रखा।

ध्वस्तीकरण अभियान में जीडीए के सहायक अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर, मेट, स्थानीय पुलिस तथा प्राधिकरण पुलिस बल की टीम मौजूद रही। जीडीए ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध निमार्णों और अनधिकृत गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## गैस सिलेंडर बना विवाद की वजह, एजेंसी में ग्राहक की पिटाई से मचा हड़कंप







कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कविनगर इंडस्ट्रियल क्षेत्र स्थित गाजियाबाद गैस सर्विस पर सिलेंडर लेने पहुंचे एक ग्राहक के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। घटना में राजापुर निवासी नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया।

नीरज का आरोप है कि उसने शनिवार को गैस सिलेंडर के लिए भुगतान कर दिया था। एजेंसी की ओर से उसे सोमवार को सिलेंडर लेने के लिए कहा गया था। मंगलवार को जब वह सिलेंडर लेने पहुंचा तो कर्मचारियों ने उससे कहा कि उसे सोमवार को बुलाया गया था, आज क्यों आया है। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हो गई।

आरोप है कि विवाद बढ़ने पर एजेंसी के कर्मचारियों ने नीरज के साथ मारपीट कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और लोगों की भीड़ जुट गई।

पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। वहीं पुलिस को भी घटना की सूचना दिए जाने की बात कही जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 25 साल का इंतजार खत्म: डीएम ने दिलाया हक, दुकान वापस मिलते ही बुजुर्ग दंपति बोले- 'हनुमान बनकर आए साहब'

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद गांधीनगर क्षेत्र में 25 वर्षों से अवैध कब्जे में फंसी एक दुकान को जिला प्रशासन ने कब्जामुक्त कराकर उसके वास्तविक मालिक बुजुर्ग दंपति को सौंप दिया। वर्षों से न्याय की आस लगाए बैठे दंपति को जब उनकी संपत्ति वापस मिली तो उनकी आंखें नम हो गईं और उन्होंने जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार को अपना 'संकटमोचक हनुमान' बताया। बुजुर्ग दंपति की दुकान पर पिछले 25 साल से अवैध कब्जा था। कई बार शिकायतों और प्रयासों के बावजूद उन्हें राहत नहीं मिली। अंततः उन्होंने अपनी पीड़ा जिलाधिकारी के समक्ष रखी। मामले की जांच कराई गई, जिसमें दंपति का दावा सही पाया गया। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई का निर्णय लिया। मंगलवार को







जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार स्वयं पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। प्रशासन की मौजूदगी में दुकान को खाली कराकर उसके मूल स्वामियों को सौंप दिया गया। इस दौरान नारियल फोड़कर दुकान का पुनः उद्घाटन भी कराया गया, जिससे यह पल और अधिक भावुक एवं यादगार बन गया। दुकान वापस मिलने पर भावुक बुजुर्ग दंपति ने कहा कि उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें उनका हक दिलाकर नई उम्मीद जगा दी। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गाजियाबाद प्रशासन का हृदय से आभार जताया। जिले में प्रशासन की इस कार्रवाई की व्यापक सराहना हो रही है। लोग इसे भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ सरकार की सख्त नीति तथा आम नागरिकों को न्याय दिलाने की दिशा में एक मिसाल के रूप में देख रहे हैं।

## गोविंदपुरम बाबा मार्केट में भीषण अग्निकांड, 8 दमकल गाड़ियों की कड़ी मशक्कत से टली बड़ी तबाही

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद के गोविंदपुरम स्थित बाबा मार्केट में मंगलवार देर रात भीषण आग लगने से क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना रात करीब 12 बजे फायर स्टेशन कोतवाली को मिली, जिसके बाद दमकल विभाग तत्काल हरकत में आया। प्रारंभिक रूप से चार फायर टेंडर घटनास्थल पर भेजे गए, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए वैशाली, साहिबाबाद और मोदीनगर फायर स्टेशनों से अतिरिक्त दमकल वाहन बुलाने पड़े।

मौके पर पहुंची दमकल टीम ने देखा कि दुकानों से काला धुआं और आग की ऊंची लपटें निकल रही थीं। सभी दुकानें बंद थीं और शटरों के नीचे से धुआं तेजी से बाहर आ रहा था।







ऐसे में अग्निशमन कर्मियों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए दुकानों के शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया और चारों तरफ से आग को घेरकर बुझाने का अभियान शुरू किया।

आग की तीव्रता और घने धुएं के कारण राहत कार्य में काफी कठिनाई आई, लेकिन दमकल कर्मियों की सतर्कता और अथक प्रयासों से आग पर काबू पा लिया गया। इस दौरान आसपास की अन्य दुकानों को भी आग की चपेट में आने से बचा लिया गया, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। जानकारी के अनुसार आग से अग्रवाल स्वीट्स, महागणेश ट्रेडर्स, सिंघल स्वीट्स, मोबाइल एवं खिलौने की दुकान तथा एक डेयरी प्रभावित हुईं। आग बुझाने के अभियान में कुल आठ दमकल वाहन लगाए गए। गनीमत रही कि इस भीषण अग्निकांड में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि दुकानों में रखा सामान जलने से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## कुशलिया में गरजा बाबा का बुलडोजर, 30 साल पुराना अवैध मदरसा ध्वस्त

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** गाजियाबाद में अवैध निमार्णों और अतिक्रमण के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत रविवार को मसूरी थाना क्षेत्र के ग्राम कुशलिया में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। करीब 30 वर्षों से संचालित बताए जा रहे एक अवैध मदरसे पर बुलडोजर चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई के दौरान पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

जानकारी के मुताबिक, लगभग 800 वर्ग मीटर क्षेत्र में बने इस मदरसे की अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी गई है। ध्वस्तीकरण के लिए दो बुलडोजरों का इस्तेमाल किया गया। मौके पर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस, आरआरएफ तथा चार थानों की पुलिस





फोर्स तैनात रही, जिससे कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

प्रशासन का कहना है कि जांच में निर्माण को अवैध पाए जाने के बाद नियमानुसार यह कार्रवाई की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जनपद में अवैध कब्जों और बिना अनुमति किए गए निमार्णों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा तथा सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस कार्रवाई को प्रशासन की अवैध निमार्णों के खिलाफ जारी मुहिम का हिस्सा माना जा रहा है, जिसके तहत जिलेभर में चिन्हित अतिक्रमणों को हटाने का कार्य लगातार किया जा रहा है।

## गाजियाबाद पुलिस का बड़ा सत्यापन अभियान: 2,814 चिन्हित अपराधियों पर कसा शिकंजा, 311 फरारों की तलाश तेज

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस आयुक्त के निर्देश पर कमिश्नरेट गाजियाबाद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से 13 एवं 14 जून 2026 को विशेष सत्यापन एवं तलाशी अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पिछले पांच वर्षों में हत्या, हत्या के प्रयास, सदोष मानव वध, बलवा तथा अन्य गंभीर शरीर संबंधी अपराधों में संलिप्त रहे अपराधियों की व्यापक स्तर पर जांच-पड़ताल की गई।

कमिश्नरेट के सभी थाना क्षेत्रों में चिन्हित अपराधियों के निवास स्थलों पर पहुंचकर उनका भौतिक सत्यापन किया गया। यक्ष एप पर दर्ज अपराधियों के विवरण का मिलान करते हुए उनकी मौजूदगी, गतिविधियों एवं वर्तमान स्थिति की जांच की गई। पुलिस टीमों ने अपराधियों के ठिकानों पर सघन तलाशी अभियान चलाया तथा कई संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की।

अभियान के दौरान संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाई गई और स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऐसे अभियान अपराधियों पर प्रभावी निगरानी रखने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।





जारी आंकड़ों के अनुसार कमिश्नरेट के नगर, ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन में कुल 2,814 अपराधी चिन्हित किए गए थे। इनमें से 1,848 अपराधियों का सत्यापन किया गया। सत्यापन के दौरान 1,294 अपराधी अपने पते पर मौजूद मिले, जबकि 311 अपराधी फरार पाए गए। वहीं 209 अपराधी जेल में निरुद्ध मिले।

जोनवार आंकड़ों में नगर जोन में 420 चिन्हित अपराधियों में से 401 का सत्यापन किया गया, जिनमें 267 मौजूद, 97 फरार और 36 जेल में मिले। ट्रांस हिंडन जोन में 941 अपराधियों में से 472 का सत्यापन हुआ, जिनमें 330 मौजूद, 116 फरार और 16 जेल में पाए गए। ग्रामीण जोन में 1,453 अपराधियों में से 975 का सत्यापन किया गया, जिनमें 697 मौजूद, 98 फरार और 157 जेल में निरुद्ध मिले।

पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि अभियान के दौरान फरार मिले अपराधियों की तलाश के लिए विशेष टीमें लगाई गई हैं और उनके विरुद्ध गहन तलाशी अभियान लगातार जारी रहेगा। कमिश्नरेट पुलिस का कहना है कि अपराधियों पर निगरानी और सत्यापन की ऐसी कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी, ताकि जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून का राज कायम रखा जा सके।

वेलकम इंडिया
विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करे।

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पिता जी स्व. श्री निर्मल सिंह का देहांत दिनांक 05/07/2019 को हो गया था, उनके बचत खाते 30700110010037 (जो कि यूको बैंक, इन्दरगढ़ी में है) मैं नामिनी हूं, जिसमें मेरा नाम रविन्द्र कुमार दर्ज है। जबकि मेरा नाम आधार कार्ड में रवि कुमार है। आपको सूचित करना चाहता हूं कि रवि कुमार और रविन्द्र कुमार दोनों मेरे ही नाम हैं।

रवि कुमार पुत्र स्व. श्री निर्मल
निवासी- ग्राम नायफल, पो. डासना,
तहसील व जिला गाजियाबाद।